दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

• नई दिल्ली।। शुक्रवार 23 अगस्त -2024 • वर्ष : 8 अंक : 313 पेज-08 • RNI NO. DELHIN/2015/65364 • मूल्य : ₹3




## सीएम ममता ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

# कोलकाता हत्याकांड : 'फास्ट ट्रैक कोर्ट बनें, 15 दिन में हो सुनवाई'

**नई दिल्ली।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की जघन्य घटना के बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने दुष्कर्म के खिलाफ कड़े और सख्त कानून बनाने की मांग की है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार अलापन बंदोपाध्याय ने राज्य सचिवालय नवान्न में पीएम को भेजे गए पत्र मीडिया के समक्ष पढ़ा। उनके मुताबिक ममता बनर्जी ने पत्र में लिखा, 'आदरणीय प्रधानमंत्री, मैं आपके ध्यान में बलात्कार की नियमित और बढ़ती घटनाओं को लाना चाहती हूं। पूरे देश में मामले सामने आते हैं और कई मामलों में हत्या के साथ बलात्कार भी होते हैं।'



**फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन की उठाई मांग :** साथ ही ममता ने ऐसे मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की मांग करते हुए लिखा, 'ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतों की स्थापना पर भी प्रस्तावित कानून में विचार किया जाना चाहिए, ताकि ऐसे मामलों में सुनवाई 15 दिनों के भीतर पूरी की जा सके।'

### संदीप घोष का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट, कोर्ट ने दी इजाजत

कोलकाता के आरजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में डॉक्टर दुष्कर्म-हत्याकांड मामले में गुरुवार को सीबीआई ने कॉलेज के पूर्व प्रचार्य संदीप घोष को स्थानीय अदालत में पेश किया। यहां सीबीआई ने घोष के अलावा कुछ अन्य लोगों के पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की मांग की। कोर्ट ने इस मांग को स्वीकारते हुए टेस्ट की इजाजत दे दी।

# आज आ रहे हैं शहर विधानसभा की समीक्षा करने सीएम योगी आदित्यनाथ

## दस बजे से हिंदी भवन में शुरू होगी संवाद बैठक

## मुख्यमंत्री करेंगे विधायकों से लेकर सैक्टर संयोजक तक से बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की ये खूबी माननी पड़ेगी कि वो किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेती है। भाजपा चुनावी रण में रण के तरीके से आती है। जब शहर विधानसभा में उपचुनाव होना है तो यहां भी भाजपा पूरी रणनीति के साथ आ रही है। अगर भाजपा की तैयारियों को देखें तो ये कहा जा सकता है कि उसे इससे कोई मतलब नहीं है कि विपक्ष का उम्मीदवार कौन होगा। विपक्ष की रणनीति क्या होगी। इन सबसे अलग भाजपा अपनी रणनीति के साथ चुनाव मैदान में आ रही है। उसने गाजियाबाद उपचुनाव में तीन मंत्री मैदान में उतारे हैं और गंभीरता इससे बड़ी नहीं हो सकती कि स्वयं मुख्यमंत्री आज गाजियाबाद में विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं के साथ समीक्षा बैठक करने आ रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले रैडीसन होटल जायेंगे और वहां से वो सीधा हिंदी भवन आयेंगे। हिंदी भवन में उपचुनाव को लेकर जो बैठक होनी है उसमें महानगर संगठन के पदाधिकारी रहेंगे। विधायक मौजूद रहेंगे।



### 25 लोग करेंगे मुख्यमंत्री का स्वागत और 25 भाजपाई करेंगे सीऑफ

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर मिनट टू मिनट तय किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब हिंदी भवन आयेंगे तो यहां 25 भाजपा कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे और जब वह रवाना होंगे तो 25 कार्यकर्ता उन्हें सीऑफ करेंगे।

### शहर विधानसभा के ये पदाधिकारी संभालेंगे समीक्षा बैठक की जिम्मेदारी

करंट क्राइम। शहर विधानसभा उपचुनाव की समीक्षा है और इस बैठक को मुख्यमंत्री सम्बोधित करेंगे। बैठक में शहर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले सभी वार्डों के भाजपा पार्षद, वार्ड अध्यक्ष, पांच मंडल अध्यक्ष, पांच मंडल प्रभारी, 88 सैक्टर संयोजक, 88 शक्तिकेन्द्र प्रभारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा चार नामित पार्षद भी इस बैठक में मौजूद रहेंगे जिनमें प्रदीप चौहान, राजेश शर्मा, राकेश त्यागी और सुरेन्द्र नागर रहेंगे। इसके अलावा 30 वरीष्ठ भाजपाई भी इस बैठक में दायित्व संभालेंगे। इन वरिष्ठ भाजपाईयों में दो पूर्व मेयर भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा महानगर संगठन की टीम के सदस्य रहेंगे।



### मंच पर रहेंगे दस प्रमुख चेहरे और माइक संभालेंगे महानगर अध्यक्ष

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब हिंदी भवन में शहर विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे तो यहां मंच पर वो दो मंत्री रहेंगे जिन्हें उपचुनाव में लगाया गया है। कैबिनेट मंत्री चूंकि देश से बाहर हैं इसलिए वो बैठक में नहीं रहेंगे। इसके अलावा मंच पर मानसिंह गोस्वामी और मयंक गोयल रहेंगे। जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष रहेंगे। एक महामंत्री गोपाल अग्रवाल को मंच पर रहने का मौका मिलेगा। क्योंकि महामंत्री गोपाल अग्रवाल इस कार्यक्रम के संयोजक बनाये गये हैं और यहां पर मंच संचालन महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के हाथ में रहेगा। इसके अलावा विधायक सांसद और विधान परिषद सदस्य भी यहां मौजूद रहेंगे।



### जनरल वीके सिंह को भी दी गई है मुख्यमंत्री कार्यक्रम की सूचना और निमंत्रण



करंट क्राइम। मुख्यमंत्री आज हिंदी भवन आ रहे हैं और उनके आने की सूचना पूर्व सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को भी दी गई है। संगठन की ओर से पूर्व सांसद को मुख्यमंत्री आगमन की सूचना और कार्यक्रम का निमंत्रण भेजा गया है। अब शहर विधानसभा उपचुनाव वाली समीक्षा बैठक में जनरल वीके सिंह शामिल होते हैं या नहीं होते हैं, यह देखने की बात है।

### कोई नहीं कहेगा खुद को दावेदार मगर पहचान लेंगे सब ये किरदार

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री शहर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए आ रहे हैं। यहां दावेदारी में कई नाम हैं और क्या मुख्यमंत्री के सामने दावेदारी को लेकर कोई बात रखी जायेगी। हालांकि पार्टी सूत्र बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री के सामने ऐसा कोई फ्रेमवर्क नहीं रखा जायेगा। क्योंकि पार्टी प्लेटफार्म पर यह कहा जा रहा है कि जब चुनावी अधिसूचना ही जारी नही हुई, जब चुनाव ही घोषित नहीं हुआ तो दावेदारी कैसे हो सकती है। कोई दावेदार नहीं है। ना इलैक्शन की डेट है तो फिर नॉमीनेशन का भी सीन नहीं है। लेकिन भाजपा वाले ही कह रहे हैं कि दावेदारी के सारे किरदार यहीं मौजूद है। वो अलग-अलग तरीकों से इसी बैठक में दिखाई देंगे। आपको बस उनके चेहरे पहचानने हैं और आपको समझ में आ जायेगा कि शहर विधानसभा सीट के उपचुनाव के दावेदार हिंदी भवन के इसी सभागार में मौजूद हैं।

# गाजियाबाद में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री आगमन को लेकर पुलिस-प्रशासन, नगर निगम और यातायात पुलिस दिखी एक्टिव

### कार्यक्रम के चलते आगमन मार्ग पर रंगाई पुताई भी हुई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में रहेंगे। वह यहां दो अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री योगी शामिल होने के कार्यक्रम की पुष्टि हो गई है। गुरुवार को पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों ही कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था और इंतजामों का जायजा लिया है। तो वहीं नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग ने भी मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए तैयारी की है। गुरुवार को हापुड़ चुंगी, शास्त्री नगर चौक ,आरडीसी मुख्य मार्ग और लोहिया नगर स्थित मार्ग के सड़क और डिवाइडर की मरम्मत कर रंगाई-पुताई का काम किया गया। वहीं लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन का भी अधिकारियों ने निरीक्षण करते हुए अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### एडिशनल सीपी और नगर आयुक्त पहुंचे हिंदी भवन

करंट क्राइम : हिंदी भवन में भारतीय जनता पार्टी की ओर से संगठन का एक कार्यक्रम है। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगभग एक घंटे से अधिक उपस्थित रहेंगे। वह यहां पदाधिकारियों और संगठन के चेहरों से आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर मंत्रणा और रणनीति बनाने का काम करेंगे। गुरुवार को एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह, एसएचओ सिहानी गेट सचिन कुमार, नंदग्राम धर्मपाल सिंह सहित एसीपी एलआईयू सतर्कता व सीएम सिक्योरिटी की टीम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। हिंदी भवन के तीनों गेट और कार्यक्रम स्थल की सीटिंग अरेंजमेंट को भी देखा गया। वहीं एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने वीआईपी पार्किंग और मुख्यमंत्री के आने जाने के रूट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान यातायात उपनिरीक्षक संतोष कुमार अजय कुमार ने अधिकारियों को पूरे रूप की जानकारी से अवगत कराया।

### सड़कों पर की गई मरम्मत, डिवाइडर की हुई रंगाई-पुताई



करंट क्राइम : शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में रहेंगे, तो इसके लिए गुरुवार को अधिकारियों ने सड़क पर उतरकर काम कराया। शहर में कई स्थानों पर सड़क की मरम्मत के लिए नगर निगम के दस्ते ने अभियान शुरू किया। तो वहीं प्रमुख मार्ग जिससे मुख्यमंत्री का काफिला निकलेगा, वहां डिवाइडर की मरम्मत और रंगा पुताई का काम भी किया गया है। वहीं हिंदी भवन के आसपास के पेड़ों की छंटाई करने के साथ सफाई एवं छिड़काव व्यवस्था पर भी फोकस किया गया।

### हिंदी भवन के आसपास आज संभलकर निकलें



करंट क्राइम : शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे हैं। इस दौरान करीब 12 बजे से लेकर कार्यक्रम समाप्त होने तक इस पूरे मार्ग पर यातायात की स्थिति में परिवर्तन रहेगा। वहीं प्रत्येक कट और प्रमुख स्थान पर बैरिकेडिंग करके यातायात पुलिस रूट डायवर्जन और वाहनों को रोकने का काम करेगी। कार्यक्रम में आने वाले वीवीआईपी के लिए लोहिया नगर में ही पार्किंग स्थल बनाया गया है। यहां की व्यवस्था यातायात पुलिस संभालेगी।

# सीएम कार्यक्रम के चलते लगाई गई धारा-163





### सात थानाक्षेत्र नो ड्रोन जोन में परिवर्तित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन है। इसको ध्यान में रखते हुए एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सात थानाक्षेत्रों के अंतर्गत धारा- 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत आदेश जारी किया है।

इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के घंटाघर कोतवाली, कवि नगर, मधुबन बापूधाम, थाना सिहानी गेट, नंदग्राम, इंदिरापुरम और कौशांबी थानाक्षेत्र को नो ड्रोन जोन में घोषित किया गया है। यहां पर कोई भी पैराग्लाइडर हॉट बैलून या आकाश में उड़ान नहीं भरेगा। इसके साथ ही यहां पर सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में पुलिस का डेप्लॉयमेंट किया जाएगा। सात थानाक्षेत्रों के लिए लगाई गई यह धारा 163 शुक्रवार की रात तक जारी रहेगी।

### सोशल मीडिया और संदिग्धों पर रहेगी नजरें

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पीने जानकारी दी है कि इस दौरान पुलिस सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ ही संदिग्धों पर भी नजर रखने का काम करेगी।

# इस तरह बदल गए एक पुराने पोल के दिन

## सालों से टूटा पोल एक घंटे में बदला गया







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कहते हैं कि वह सारे अभियान, काम और रुकावटें दूर हो जाती है। जब किसी प्रमुख और मुख्यमंत्री जैसे चेहरे का आगमन हो। ऐसा ही लोहिया नगर में हिंदी भवन के सामने लगभग कई सालों से टूटे बिजली के पोल के साथ भी हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि लंबे समय से एक बिजली का पोल बीच से जर्जर होकर टूट चुका था। वह दूसरे बिजली के खंभे पर झुक गया था। इससे कभी भी हादसा और दुर्घटना होने का डर बना रहता था लेकिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हिंदी भवन में आगमन है। जैसे ही मौके पर विद्युत निगम के अधिकारी पहुंचे, उनकी नजर पोल पर पड़ी तो इस पोल को हटाने और बदलने का काम शुरू हो गया। इसे देखकर एक दुकानदार ने कहा कि जो काम सालों में नहीं हो पाया, वह घंटे में ठीक कर दिया गया। नगर निगम की मदद से विद्युत निगम ने यहां तुरंत हाइड्रोलिक मशीन लगाई और इस टूटे हुए विद्युत निगम के जर्जर पोल को हटाने का काम किया गया। इस दौरान जब यह अभियान चल रहा था तो वहां पुलिस और प्रशासन की अधिकारी भी मौजूद थे।

### हटवाए गए नेताओं के होल्डिंग और बोर्ड

**करंट क्राइम :** हिंदी भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भाजपा संगठन और आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर कार्यक्रम है। इसी के मद्देनजर गुरुवार को नगर निगम ने इस इलाके में अभियान चलाया। जिसमें प्रमुख राजनीतिक दलों के बोर्ड और बोर्डिंग हटाने का भी कार्य किया गया। इस दौरान स्थानीय पार्षद का होल्डिंग भी शिकार बन गया।

### मुख्य द्वार की रेलिंग काटी गई

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम है और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखकर सुरक्षा और अन्य तैयारियां जोरों पर की गई हैं। हिंदी भवन के मुख्य द्वार पर लगी रेलिंग काट दी गई है। दरअसल मुख्यमंत्री की गाड़ी कार्यक्रम स्थल हिंदी भवन के भीतर तक प्रवेश करेगी, इस वजह से यह रेलिंग हटाई गई है।

## किसान नेता राकेश टिकैत के बयान पर लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने जताया विरोध

# मुख्यमंत्री को लिखा पत्र और कहा राकेश टिकैत पर हो रासुका के तहत मुकदमा दर्ज

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने भाकियू के प्रवक्ता राकेश टिकैत के आपत्तिजनक बयान पर विरोध जताया है और उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राकेश टिकैत के खिलाफ रासुका के तहत मुकदमा दर्ज करने की बात की है। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि सख्त कार्यवाही कि अभाव में राकेश टिकैत का दुस्साहत बढ गया है और वो राष्ट्र विरोधी ताकतों के प्रवक्ता के तौर पर देश की संसद पर हमले की धमकी दे रहे हैं। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि राकेश टिकैत का बयान किसी भी तरह से राष्ट्र की सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है।



उन्होंने भारतीय संविधान के तहत निर्वाचित सरकार का उखाड़ फैकने और संसद पर हमले की धमकी देते हुए भारत को बांग्लादेश बनाने की धमकी दी है। लोनी विधायक ने कहा कि देश विरोधी ताकतों द्वारा की जा रही किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा है। उन्होंने कहा कि राकेश टिकैत को मिलने वाले चंदे की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने मुख्यमंत्री से यह अनुरोध किया है कि इस गंभीर विषय में तत्काल संज्ञान लेते हुए भाकियू नेता राकेश टिकैत के खिलाफ रासुका के तहत मुकदमा दर्ज किया जाये। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने इस मामले में किसी बड़ी साजिश की आशंका जताई है।

उन्होंने कहा कि राकेश टिकैत दिल्ली और एनसीआर में रहने वाले बांग्लादेशियों, रोहिंग्याओं और देश विरोधी ताकतों के प्रवक्ता के रूप में बोल रहे हैं। उन्होंने अपनी देश विरोधी मंशा पूर्व में ही प्रकट कर दी है। इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है।

# दिल्ली पुलिस की बड़ी कामयाबी: अलकायदा से प्रेरित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की पुलिस के साथ मिलकर एक जॉइंट ऑपरेशन चलाकर इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकी संगठन अलकायदा से प्रेरित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की पुलिस के साथ मिलकर एक जॉइंट ऑपरेशन चलाकर इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। ये भारत में आतंकी वारदातों को अंजाम देने की फिराक में थे। जानकारी के मुताबिक, मॉड्यूल के सदस्यों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग अलग-अलग जगहों पर दी जा रही थी। राजस्थान के भिवाड़ी से हथियार चलाने का प्रशिक्षण ले रहे छह लोगों को हिरासत में लिया गया है।



### भारी मात्रा में हथियार बरामद

एक एके-47 राइफल एक .38 बोर रिवॉल्वर .38 बोर के 6 कारतूस, .32 बोर के 30 कारतूस, एके-47 के, 30 कारतूस, एक डमी इंसास, एक एयर राइफल, एक आयरन एल्बो पाइप, एक हैंड ग्रेनेड समेत कई चीजें बरामद हुई है।

इसके अलावा झारखंड और यूपी से कुल मिलाकर करीब आठ संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। फिलहाल विभिन्न स्थानों पर पूछताछ चल रही है और अतिरिक्त गिरफ्तारियों की भी उम्मीद है। कई स्थानों से हथियार, गोला-बारूद, साहित्य आदि की बरामदगी की है।

### झारखंड एटीएस की आतंकी संगठन एक्यूआईएस के ठिकानों पर छापेमारी

झारखंड आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने गुरुवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की। एटीएस ने कथित तौर पर अलकायदा इन द इंडियन सब-कॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से जुड़े सात लोगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि एक्यूआईएस के स्लीपर सेल एजेंटों के बारे में गुप्त सूचना मिलने के बाद सुबह-सुबह छापेमारी शुरू की गई। इस दौरान रांची, हजारीबाग और लोहरदगा में 14 स्थानों पर की छापेमारी की गई।

पुलिस अधीक्षक (एटीएस) ऋषभ झा ने बताया कि छापेमारी अभी भी जारी है। संगठन से कथित तौर पर जुड़े करीब सात लोगों को अब तक हिरासत में लिया गया है। साक्ष्यों की जांच की जा रही है। सबूतों के आधार पर गिरफ्तारियां की जाएंगी।

# शिमला में ईडी कार्यालय के बाहर कांग्रेस का प्रदर्शन, सेबी की चेयरमैन समेत साधा निशाना

**शिमला।** राजधानी शिमला में कांग्रेस ने ईडी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और ठियोग से विधायक कुलदीप राठौर मौजूद रहे। 22 अगस्त 2024 यानि आज गुरुवार को देशभर में ईडी कार्यालयों के सामने कांग्रेस बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी कड़ी में राजधानी शिमला में कांग्रेस ने ईडी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और ठियोग से विधायक कुलदीप राठौर मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पार्लियामेंट में भी यह बात कही और राहुल गांधी ने बार-बार इस बात को कह रहे हैं कि सारा बिजनेस देश का आज एक व्यक्ति के हाथ में चला गया है। अदाणी जी इसका जवाब क्यों नहीं देते? बार बार प्रधानमंत्री से भी कहा गया कि



आप आकर इस इशू को एड्रेस करो। इसके ऊपर अपनी बयानबाजी करो। तब हमको पता लगेगा कि क्यों यह हो रहा है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि अब तो हिंडनबर्ग ने भी इसमें अपना बयान जारी किया है और उन्होंने कहीं ना कहीं शंका जताई है कि यह जो अदाणी को बिजनेस दिया जा रहा है। मोदी सरकार इसके पीछे है और जो इतना बड़ा घोटाला, कितना लाखों करोड़ों अरबों में यह पैसा जा रहा है और उसी तरह से इसकी रिपोर्ट जो आई है उससे हमने यह मांग की है कि दोबारा से एक ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी बिठाई जाए, इसकी जांच हो और जो दूध का दूध पानी का पानी होना चाहिए और इसलिए हमें हमारी यह मांग है पर बार बार मोदी सरकार इस बात को नजरअंदाज कर रही है। वह हमारी बात को नहीं सुन रही। यह जब नौबत आई तब हम आज यह ईडी के बाहर हमने यह प्रदर्शन करने की आवश्यकता समझी।

प्रतिभा सिंह ने कहा कि आज पूरे देश में यह कॉल दी गई है और हम देखते हैं कि इसका क्या असर होगा। फिर अगली कॉल उसके मुताबिक ली जाएगी। यह आज की बात नहीं है। यह तो हम कब से देख रहे हैं? जब से मोदी की सरकार है, तब से हम देख रहे हैं कि जहां इनको थोड़ी शंका होती है, इनको अपोजिशन लगता है कि अपोजिशन अपनी आवाज उठाएगी। उनके ऊपर चाहे ईडी सीबीआई है, चाहे इनकम टैक्स है, उनके रेड डलवाए जाते हैं, उनको डराया धमकाया जाता है। यह बात तो तब से चली हुई है और हम इसी बात को बार-बार दोहरा रहे हैं कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और इसके बारे में बात सामने आए। वहीं, कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप राठौर ने कहा कि सेबी चेयरमैन का जो रोल है वह संदेह के घेरे में है जो 20,000 करोड़ रुपये सेल कंपनी के माध्यम से अदाणी के कंपनी में गया है उसकी निष्पक्षता से जांच हो, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। हमारी मांग है कि सेबी की चेयरमैन को तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र देना चाहिए।

## न्यूज डायरी

### मायावती ने एसटी आरक्षण में सब कैटेगरी बनाने के फैसले के विरोध में भारत बंद के सफल होने पर दी बधाई

**लखनऊ।** मायावती ने सुप्रीम कोर्ट के एससी/एसटी आरक्षण के वर्गीकरण व क्रीमीलेयर के निर्णय से उत्पन्न रोष को लेकर कल हुए भारत बंद में बसपा की प्रभावी भागीदारी एवं एकजुटता की अपील से इसके सफल होने की सभी को बधाई दी है। बसपा की मुखिया मायावती ने सुप्रीम कोर्ट के एससी/एसटी आरक्षण के वर्गीकरण व क्रीमीलेयर के निर्णय से उत्पन्न रोष को लेकर कल हुए भारत बंद में बसपा की प्रभावी भागीदारी एवं एकजुटता की अपील से इसके सफल होने की सभी को बधाई दी है, किन्तु कांग्रेस-सपा आदि के इसके प्रति उदासीन रवैये से इनकी जातिवादी सोच को प्रमाणित किया है। मायावती ने कहा कि कल बंद के दौरान पटना/बिहार में निर्दोष लोगों पर पुलिस की हुई लाठीचार्ज/बर्बरता अति-दुखद व निन्दनीय है। सरकार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करे और केन्द्र सरकार "भारत बंद" के आयोजन के मद्देनजर आरक्षण के मुद्दे की संवेदनशीलता को गंभीरता से लेकर इसका शीघ्र उचित समाधान भी करे। मायावती ने कहा कि देश में करोड़ों एससी/एसटी वर्गों को आरक्षण के उनके हक को निष्क्रिय/निष्प्रभावी बनाकर अन्तत: उसे खत्म करने की सपा, कांग्रेस व भाजपा आदि के षडयंत्रों से ये लोग कितने अधिक आक्रोशित हैं यह कल के भारत बंद से साबित है। आगे भी उन्हें यह लड़ाई खुद ही अपने बल पर लड़नी होगी तभी सही सफलता मिलेगी।



### नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर-हाजीपुर निमार्णाधीन बाइपास का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मुजफ्फरपुर-हाजीपुर फोरलेन के निमार्णाधीन बाइपास एनएच-77 का निरीक्षण किया। उन्होंने कई थाना भवनों का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। नीतीश कुमार ने एनएच-77 हाजीपुर-मुजफ्फरपुर खंड के पकड़ी-पताही में निमार्णाधीन बाइपास का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने परियोजना कार्य की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि मुजफ्फरपुर में लगभग 17 किलोमीटर बाइपास के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी तथा एक से दूसरी जगह आने-जाने में काफी कम समय लगेगा। इस पथ से गोपालगंज होकर उत्तर प्रदेश जाने वाले लोगों को सुविधा होगी। सीतामढ़ी से सोनवर्षा जाना भी आसान हो जाएगा। साथ ही पटना-मुजफ्फरपुर को ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के फोरलेन की भी कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से पटना से नेपाल जाना भी आसान हो जाएगा। मझौली से नेपाल को जोड़ने वाली सड़क एनएच 527-सी से भी आने वाले वाहनों के लिए पटना आना-जाना आसान हो जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सकरी-सरैया में निमार्णाधीन तुर्की थाना भवन का निरीक्षण किया। तुर्की थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 15.03 करोड़ रुपए की लागत से मुजफ्फरपुर जिला के मॉडल थाना भवन जजुआर, मॉडल थाना भवन हत्था एवं एससी, एसटी विशेष थाना भवन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही 32.76 करोड़ रुपए की लागत से छह थाना भवन सहित सात पुलिस भवनों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान के अंतर्गत तुर्की, कथैया, रामपुर हरि, पानापुर, मुजफ्फरपुर जिला के अंतर्गत महिला थाना, बेनीबाद थाना तथा बेला थाना में ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर पॉवर प्लांट का भी शिलान्यास किया।



# चिकित्सकों को कामकाज बहाल करने का निर्देश, न्याय व चिकित्सा को रोक नहीं सकते : शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने बंगाल सरकार और पुलिस से जमकर सवाल किए। कोर्ट ने कहा कि मामले में गंभीर लापरवाही बरती गई है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कार्यबल को चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल तैयार करते समय सभी हितधारकों की बात सुनने का निर्देश दिया। कोर्ट ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से सामान्य कामकाज बहाल का निर्देश दिया और कहा कि न्याय और चिकित्सा को रोका नहीं जा सकता। इससे पहले सीबीआई और कोलकाता पुलिस ने सीलबंद लिफाफे में अपनी स्थिति रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी। मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच के पास है। इसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बीती 20 अगस्त को मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर्स समेत स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को काम पर लौटने दें और एक बार जब वे ड्यूटी पर लौट आएंगे तो अदालत अधिकारियों को उन पर कार्रवाई न करने के लिए मनाएगी।

हमने नेशनल टास्क फोर्स बनाई है। इस व्यापक राष्ट्रीय टास्क फोर्स का मकसद यह है कि सभी हितधारकों से परामर्श किया जाएगा, जिसमें रेजिडेंट डॉक्टर भी शामिल हैं। इसलिए उनकी बात सुनी जाएगी। यदि आप हमारे आदेश को देखें तो हमने वास्तव में उसी पहलू को उजागर किया है कि सार्वजनिक अस्पतालों की एक ढर्रे पर काम होता है। जूनियर डॉक्टर कई तरह के उत्पीड़न झेल रहे हैं, न कि केवल यौन उत्पीड़न। हमें बहुत सारे ईमेल मिले हैं और हम पर बहुत ज्यादा दबाव है। 48 या 36 घंटे की ड्यूटी अच्छी नहीं है।



### आरोपी की चोट की मेडिकल रिपोर्ट के बारे में पूछा

सीजेआई चंद्रचूड़ ने आरोपी की चोट की मेडिकल रिपोर्ट के बारे में पूछा। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यह केस डायरी का हिस्सा है। इसके बाद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सीबीआई ने 5वें दिन जांच शुरू की, सब कुछ बदल दिया गया और जांच एजेंसी को नहीं पता था कि ऐसी कोई रिपोर्ट है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने एसजी की दलील का खंडन किया और कहा कि हर चीज की वीडियोग्राफी है, न कि बदला गया।

### पश्चिम बंगाल पुलिस से सवाल किया

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस से सवाल किया और पोस्टमार्टम के समय के बारे में पूछा। सिब्बल ने जवाब दिया कि यह शाम 6:10-7:10 बजे के आसपास था। सुप्रीम कोर्ट ने आगे पूछा कि जब आप शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गए थे तो क्या यह अप्राकृतिक मौत का मामला था या नहीं और अगर यह अप्राकृतिक मौत नहीं थी तो पोस्टमार्टम की क्या जरूरत थी? सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अप्राकृतिक मौत का मामला दोपहर 1:45 बजे दर्ज किया गया था। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने सीडी देखी है, हम पुलिस अधिकारियों की हरकतों, शव को कब देखा गया, पुलिस कब आई, अप्राकृतिक मौत की रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, दाह संस्कार और फिर एफआईआर के बारे में जानकारी जुटा सकते हैं। यह अब एफआईआर से भी मेल खाता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से जनरल डायरी एंट्री पढ़ने का आग्रह किया और कहा कि पुलिस स्टेशन लौटने के बाद रात 11:30 बजे अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया था, यह केवल जीडी एंट्री थी, यही घटनाक्रम है।

### सुप्रीम कोर्ट के अहम निर्देश

- सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कार्यबल को चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल तैयार करते समय सभी हितधारकों की बात सुनने का निर्देश दिया।
- कोर्ट ने यह भी कहा कि मामले में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को पश्चिम बंगाल सरकार बाधित न करे।
- कोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव को एक पोर्टल खोलने का निर्देश दिया, जिसके जरिए हितधारक, चिकित्सकों की सुरक्षा के संबंध में राष्ट्रीय कार्य बल को सुझाव दे सकें।
- विरोध प्रदर्शन करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी।
- कोर्ट ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से सामान्य कामकाज बहाल का निर्देश दिया और कहा कि न्याय और चिकित्सा को रोका नहीं जा सकता।
- मामले का राजनीतिकरण न करें, कानून अपना काम करेगा।
- जब हम कहते हैं कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को परेशान नहीं किया जाएगा, तो इससे हमारा मतलब यह भी है कि उचित प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा।
- मामले में आगे की सुनवाई के लिए पांच सितंबर की तिथि निर्धारित की गई।
- सीबीआई, पश्चिम बंगाल सरकार की स्थिति रिपोर्ट को फिर से सील करने का आदेश दिया।

### पोस्टमार्टम का अप्राकृतिक मौत के पंजीकरण से पहले होना आश्चर्यजनक

सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह बहुत आश्चर्यजनक है क्योंकि पोस्टमार्टम अप्राकृतिक मौत के पंजीकरण से पहले होता है। सुप्रीम कोर्ट ने सिब्बल से कहा कि कृपया जिम्मेदारी के साथ बयान दें और जल्दबाजी में बयान न दें। सुप्रीम कोर्ट ने सिब्बल से आगे कहा कि जब वह मामले को अगली तारीख के लिए ले जाएगा तो कृपया यहां एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी को मौजूद रखें क्योंकि अदालत को अभी तक यह ठीक-ठीक जवाब नहीं मिला है कि अप्राकृतिक मौत का मामला कब दर्ज किया गया था।

# राहुल गांधी जम्मू में आइसक्रीम खाकर गर्मी कम करने के लिए आए हैं : भाजपा

**श्रीनगर।** भाजपा नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री निर्मल सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आइसक्रीम खाकर गर्मी कम करने के लिए यहां आए हैं। निर्मल सिंह ने गुरुवार को बताया कि भाजपा जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर अलग-अलग बैठक कर रही है। गुरुवार को चुनाव प्रबंधन की बैठक होनी है, इसमें केंद्रीय नेता जी किशन रेड्डी, तरुण चुघ और राम माधव शामिल होंगे। मेनिफेस्टो कमेटी ने केंद्र को एक ड्राफ्ट भेजा था, जिसमें कुछ सुझाव आए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र को अब फाइनल ड्राफ्ट भेजने की तैयारी की जा रही है। पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुहर लगाएंगे। भाजपा नेता निर्मल सिंह ने इस दौरान जम्मू कश्मीर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आइसक्रीम खाने पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आइसक्रीम खाएं या जो मर्जी वो करें। वो शायद गर्मी कम करने के लिए जम्मू कश्मीर आए हैं। उन्होंने पहले भी जम्मू कश्मीर में गठबंधन किया था, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं हुआ। दरअसल, जम्मू कश्मीर में चुनाव की घोषणा के बाद राजनीतिक हलचल शुरू हो गई है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे समेत कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जम्मू-कश्मीर पहुंचा है। इसी दौरान उन्होंने आईस्क्रीम की बात की। राहुल गांधी ने श्रीनगर में अपने संबोधन में मजाकिया अंदाज में कहा कि "कल रात मैं और मल्लिकार्जुन खरगे खाना खाने गए थे, लेकिन खरगे वाजवान का मजा नहीं ले पाए, क्योंकि डॉक्टर ने उन्हें कुछ दिन तक नॉनवेज खाने से मना किया है। वाजवान खाने के बाद मैंने आईस्क्रीम पार्लर में आइसक्रीम खाई, जहां पर मैंने एक व्यक्ति से कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों से मोहब्बत करता हूं। ये रिश्ता बहुत पुराना है। ये दिल का रिश्ता है। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में निडरता से काम किया है। जम्मू के लोग जिस डर से जीते हैं, हम उस डर को मिटाना चाहते हैं। जैसे ही हमें पता लगा कि चुनाव होने वाले हैं, हम सबसे पहले यहां आए। हम लोगों के ये मेसेज देना चाहते हैं कि आप हमारे लिए पहले हैं, राज्य छीनकर इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है।



राहुल गांधी ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी पहले यहां छाती फुलाकर आते थे, लेकिन अब यहां नहीं दिखते हैं। हमें मोहब्बत ने जिताया है। हम नफरत को मोहब्बत से हराएंगे। मैं लोकतंत्र की रक्षा पूरे देश में करता हूं, लेकिन मेरे लिए जम्मू और कश्मीर के लोगों के दिल के दर्द को मिटाना लक्ष्य है। जो आपको सहना पड़ता है, जिस डर में आप जीते हो, जो दुख आपको होता है उसे कांग्रेस पार्टी मिटाना चाहती है। हम नफरत को मोहब्बत से हराएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि गठबंधन होगा, लेकिन यह कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान बनाए रखते हुए होगा।

# त्रिपुरा में बाढ़ के हालात पर अमित शाह ने सीएम माणिक साहा से की बात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में बाढ़ की स्थिति पर गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री माणिक साहा से बात की और हर संभव मदद का भरोसा दिया। गृहमंत्री अमित शाह ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, त्रिपुरा के सीएम से बात की, और राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। केंद्र सरकार राहत और बचाव कार्यों में स्थानीय सरकार की सहायता के लिए नावों और हेलीकॉप्टरों के अलावा एनडीआरएफ की टीमों को भेज रही है। आवश्यकता पड़ने पर केंद्र से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मोदी सरकार संकट की इस घड़ी में त्रिपुरा में हमारी बहनों और भाइयों के साथ मजबूती से खड़ी है। सीएम माणिक साहा ने भी प्रदेश की मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद किया। उन्होंने लिखा, इस चुनौतीपूर्ण समय में त्रिपुरा के लोगों को अटूट समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का हृदय से आभार और धन्यवाद !



बता दें कि त्रिपुरा में पिछले दो दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों में भारी बारिश हुई है। लगातार मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन जैसे हालत उत्पन्न हो गए हैं।

# लेह में भीषण हादसा, 200 मीटर गहरी खाई में गिरी बस

## छह लोगों की मौत, 19 घायल

**जम्मू और कश्मीर।** लेह के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि घायलों को सेना और सीएचसी तांगत्से स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में भर्ती कराया गया है। लेह के दुर्गुक इलाके में गुरुवार को एक भीषण हादसा हो गया। यहां एक स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इसमें छह लोगों के मारे जाने की शुरूआती जानकारी आ रही है। वहीं करीब 19 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद बचाव दल मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। लेह के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि घायलों को सेना और सीएचसी तांगत्से स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में भर्ती कराया गया है।



### शादी में शामिल होने जा रहे थे सभी

बस में लगभग 25 यात्री सवार थे, जिनमें दो बच्चे और 23 स्कूल के कर्मचारी थे। यह बस एक कर्मचारी की शादी में शामिल होने के लिए डुरबुक जा रही थी, तभी डुरबुक मोड के पास यह एक गहरी खाई में जा गिरी।

### रेस्क्यू में लगाए गए तीन हेलीकॉप्टर

प्रशासन ने घायलों को लेह के जिला अस्पताल ले जाने के लिए तीन हेलीकॉप्टरों की तैनाती की है। बचाव कार्य भारतीय सेना, लद्दाख पुलिस, राजस्व विभाग के अधिकारियों और स्थानीय निवासियों द्वारा तेजी से शुरू किए गए, जिन्होंने मिलकर घायलों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचाने में मदद की।

# आमने-सामने आए आरक्षित-अनारक्षित वर्ग के अभ्यार्थी, टकराव की आशंका से गेट बंद

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती मामले ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद जहां एक तरफ आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी नई सूची जारी करने की मांग को लेकर बेसिक शिक्षा निदेशालय में बैठ गए हैं तो वहीं दूसरी तरफ अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने धरना देना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि उनको योग्यता पर नौकरी मिली है किसी की खैरात पर नहीं। बेसिक शिक्षा निदेशालय में यह दोनों गुट धरना दे रहे हैं। इस बीच निदेशालय के दोनों गेट बंद किए गए। दोनों वर्ग के अभ्यर्थी आमने सामने हैं। पुलिस बीच में बैठी है। किसी भी प्रकार के टकराव को रोकने के लिए भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद है। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी सीएम की तस्वीर के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल करने की सूचना मिल रही है। वह कैंडीडेट जल्द सूची जारी करने की मांग के साथ कोर्ट का रुख कर सकते हैं। कैंपस में गूंजे नारे अनारक्षित के साथ आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने भी धरना देना शुरू कर दिया। धरना स्थल से न्याय दो, न्याय दो, वी वांट जस्टिस, वी वांट जस्टिस के नारों से परिसर गूंजरा रहा। एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम। न्याय दो न्याय दो



निशातगंज स्थित बेसिक शिक्षा निदेशालय के बाहर मंगलवार से 69 हजार शिक्षक अभ्यर्थियों का धरना जारी है। अभ्यर्थी अपनी मांगों के समर्थन में देर रात तक धरने पर बैठै रहे। बारिश व अन्य समस्याओं को देखते हुए पुलिस ने सख्ती की। बस से सभी को बादशाह नगर स्टेशन पहुंचाया, जहां अभ्यर्थी रात भर रहे। वहीं सुबह फिर से अभ्यर्थी धरना स्थल पर पहुंच गए। अभ्यर्थियों की मांग है कि उन्हें शांतिपूर्ण धरना करने दिया जाए।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी मोईद खान के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

**लखनऊ।** सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मोईद खान के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर कार्रवाई जारी है। दो मंजिला भवन के पिछले हिस्से को पोकलैंड जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया जा रहा है। सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मोईद खान के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर कार्रवाई जारी है। दो मंजिला भवन के पिछले हिस्से को पोकलैंड जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया जा रहा है।




भदरसा में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मोईद खान की बेकरी के बाद बृहस्पतिवार को उसके शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर कार्रवाई शुरू हो गई। तीन जेसीबी और एक पोकलैंड की मदद से ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई। इसके पहले पंजाब नेशनल बैंक की ओर से शॉपिंग कांप्लेक्स के निचले तल में स्थित कार्यालय को खाली कर दिया गया। इसके साथ ही परिसर में स्थित सपा नेता की बेकरी के शोरूम को भी खाली कराया गया। एक अन्य दुकान में रखे कुछ सामान हटाए गए। परिसर के बिजली कनेक्शन को काटा गया। इसके बाद अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह, एसडीएम सोहावल अशोक सैनी और सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी की देखरेख में बुलडोजर कार्रवाई शुरू की गई। शॉपिंग कांप्लेक्स के पिछले हिस्से को तालाब की जमीन की तरफ से गिराया जाना प्रारंभ किया गया। सबसे पहले सिर्फ पोकलैंड की मदद से यह काम शुरू हुआ। दो मंजिला भवन के पिछले हिस्से को पोकलैंड से धराशाई किया गया। इसी कड़ी में तीन अन्य जेसीबी को सामने और बगल के रास्ते की तरफ से भवन को गिराए जाने के लिए लगाया गया। शॉपिंग कंपलेक्स को ध्वस्त किए जाने का क्रम अभी भी जारी है। इस दौरान कई थानों की पुलिस, पीएससी और नगर पंचायत के कर्मी मौके पर मुस्तैद हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# नगर निगम में चल रही तकरार और मेयर ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात

## लगा रहे हैं लगाने वाले कयास, क्या उन मुद्दों पर भी कही सुनी गई होगी कोई बात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आमतौर पर राजनीति में कुछ मुलाकातों को शिष्टाचार मुलाकात बता दिया जाता है। लेकिन अगर तकरार वाले माहौल में सरकार वाले कोई मुलाकात करते हैं तो इस मुलाकात के मायने निकाले जाते हैं। मेयर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का विवाद खुलकर सामने आ चुका है। लैटर दोनों तरफ से जारी हुए और मैटर सबको पता है। इस कहानी में नया मोड तब आया जब मेयर सुनीता दयाल की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात का सीन सामने आया। बड़ी बात ये है कि मुलाकात को लेकर ये माना जा रहा था कि मुलाकात में मेयर अपनी बात रखेंगी। वो अधिकारी वाला विवाद रखेंगी। लेकिन मेयर के यहां से जो प्रेस नोट आया उसमें विवाद को पूरी तरह छिपाया और इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात बताया। जो प्रेस नोट पहले जारी हुआ था।

उसे डिलीट कर दिया गया। अब चर्चा यही है कि मेयर सुनीता दयाल ने अगर मुलाकात की है तो फिर नदी की सफाई, कूड़े निस्तारण और शहर की सड़कों पर ही चर्चा हुई होगी या कोई दूसरी बात हुई होगी। जो हालात चल रहे हैं वो सबको पता है और यदि उपचुनाव से पहले सत्ताधारी दल की जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री से मुलाकात करती हैं तो इसके मायने हैं।

सबको पता है कि मेयर की नाराजगी नगर आयुक्त से है और विगत 20 दिनों में निगम में क्या घटनाक्रम हुआ है सब जानते हैं। नगर निगम मुख्यालय में स्वाधीनता का पर्व मेयर के बिना ही मनाया गया। नगर निगम मुख्यालय में ध्वजारोहण मेयर के बिना हो गया और इसी बीच मेयर की मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई है। तो मेयर ने भले ही अपने पत्र में इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात बताया हो। लेकिन पूछने वाले तो ये पूछेंगे कि कौन सी कंपनी मेयर के निशाने पर रही है क्या ऑडिटोरियम का मुद्दा उठाया है क्या इन्दिरापुरम हैंडओवर को लेकर कोई बात हुई है और कोई भी ये मानने को तैयार नहीं है कि अगर ऐसे हालात में मेयर की मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई है तो इस मुलाकात मे अधिकारी वाले विवाद को नहीं रखा होगा।

### मुलाकात में मेयर से मुख्यमंत्री ने कही हर संभव मदद करने की बात

**करंट क्राइम।** मेयर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया। मेयर ने अपने प्रेस नोट के माध्यम से ये बताया कि उन्होंने शहर के विकास कार्यों और जन सुविधाओं को लेकर चर्चा की। मेयर सुनीता दयाल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात को हिंडन नदी, ड्रेनेज सिस्टम, औद्योगिक क्षेत्र के विकास, कूडा निस्तारण हेतु गालंद की भूमि का मुद्दा, शहर के सौन्दीर्यकरण, शहर की मुख्य सडकों का निर्माण और शहर में बडी योजनाओं को लाने पर चर्चा हुई। मेयर और मुख्यमंत्री की मुलाकात में मेयर बता रहीं हैं कि कई योजनाओं पर मुख्यमंत्री ने सहमति दी और हर संभव मदद करने की बात कही। मेयर सुनीता दयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने शहर के विकास और जनसुविधाओं पर गहनता से चर्चा की। हमारे शहर में भी बड़ी बड़ी योजनाओं को लाया जाये जिससे शहर में बडी योजनाओं का फायदा जनता को हो सके।

# गाजियाबाद के सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए यादगार रहा रक्षाबंधन का त्यौहार

## 25 स्कूली बच्चों ने बांधी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राखी और 5 सरकारी शिक्षकों ने की मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इस बार रक्षाबंधन का पर्व गाजियाबाद के 25 सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए यादगार रहा। इन स्कूली बच्चों को राष्ट्रपति से मुलाकात का मौका मिला। इन स्कूली बच्चों ने उन्हें राखी बांधी। इस दौरान 5 सरकारी स्कूल के शिक्षकों को भी राष्ट्रपति से मुलाकात का मौका मिला।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव के नेतृत्व में जिला समन्वयक राकेश कुमार, सुमन, वाणी शर्मा, लक्ष्मी त्यागी, रेणू बहल और काजल शर्मा ने 25 स्कूली छात्र छात्राओं के साथ राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षाबंधन समारोह में भाग लिया। उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए गाजियाबाद से पांच सरकारी शिक्षक और 25 छात्र छात्राएं राष्ट्रपति भवन पहुंचे। इन छात्र छात्राओं ने महामहिम द्रोपदी मुर्मु से मुलाकात की और उन्हें राखी बांधी। छात्रों ने अपने हाथ से बनाये गये आकृषिक उपहार, पेंटिंग, राखी और ग्रीटिंग कार्ड दिये। बच्चियों ने अपनी प्यारी बातों से कविताओं से और अपने हाथो से बनाई राखियों से राष्ट्रपति का मन मोह लिया। राष्ट्रपति ने भी इस दौरान बच्चों के साथ आये शिक्षकों से बात की और उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। राष्ट्रपति से मुलाकात करने वालों में निशा, तमन्ना, अफसाना, शीला, राजनंन्दनी, अमित, कार्तिक, माही, मानवी, रूही, गुरूप्रीत, ज्योति, रानी, पायल, गुरूवाणी, अब्दुल, हेमलता, कसफ, समायरा, देव, ईल्मा, अमानिया, नम्रा, निधि व जोया प्रमुख थे। इन सभी बच्चों ने एडीबेसिक मेरठ दिनेश कुमार यादव, डीएसए ओपी यादव और अपने अध्यापकों को भी रखाी बांधी। इस दौरान बच्चों ने केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, राज्य मानव संसाधन विकास मंत्री जयंत चौधरी ने भी मुलाकात की और राष्ट्रपति भवन से सभी स्कूल बच्चों को गिफ्ट हैम्पर व मिष्ठान वितरित किये गये और अमृत उद्यान की सैर भी करायी गयी।

# सील पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम के लिए जल्द जारी होगा टेंडर

## रेट में नहीं होगा ज्यादा बदलाव, तीन महीने से बंद चल रहा है

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद शहर के बीचोंबीच बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को दोबारा से शुरू किया जाएगा। जानकारी मिली है कि नगर निगम इसके लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा। बता दें की जून माह में इसको बकाया धनराशि की वजह से सील कर दिया गया था। अब नगर निगम मुख्यालय के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जल्द ही इसको दोबारा शुरू करने के लिए नगर निगम टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा और फिर इसे नए सिरे से आवंटित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसके रेट में इस बार भी कोई अधिक बदलाव नहीं किया जाएगा। पहले की दर पर ही नए टेंडर किया जा सकते हैं। बता दें कि शहर के बीचोंबीच बनाए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को सार्वजनिक एवं प्रमुख कार्यक्रमों के लिए एक सेंट्रलाइज्ड एसी स्पेस के रूप में डेवलप किया गया था।



### लगभग तीन महीने से सील है पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम

**करंट क्राइम ।** बता दें कि जून माह में पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम को सील किया गया था। पूर्व में जिस कंपनी को यह है दिया गया था, उससे सभी दायित्व छीन लिए गए हैं। नए ऑडिटोरियम संचालक की तलाश का काम धीरे-धीरे शुरू कर दिया गया है। इस पर टेंडर प्रक्रिया होने के बाद फिर से इसे उन्हें जनता के इस्तेमाल के लिए खोल दिया जाएगा। लगभग तीन महीने से यह सील चल रहा है। यहां पर होने वाले आयोजन और कार्यक्रम भी इसलिए स्थगित चल रहे हैं।

### कई कंपनियां प्रयास में

**करंट क्राइम ।** सूत्रों से जानकारी मिली है कि पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम को लेने के लिए कई कंपनियां प्रयासरत हैं। वह चाहती हैं कि उनको यह टेंडर मिल जाए और वह इस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल कर सकें। बता दें कि नगर निगम द्वारा करोड़ों की लागत से इसका निर्माण कराया गया था, जिसे बाद में लीज पर दे दिया गया था। यह जून माह से सील चल रहा है।

# मुरादनगर के ग्रामीणों ने लगाई सांसद से गुहार, कूड़े के पहाड़ से मिले निजात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के कूड़े को लेकर मुरादनगर के देहात क्षेत्र में विरोध का लावा कभी भी फूट सकता है। मुरादनगर क्षेत्र के ग्रामीण के क्षेत्र में पाईप लाईन रोड, महमूदाबाद और भिक्कनपुर गांव की कृषक भूमि में शहरी कूडा डम्प किये जाने से वहां कूडे के पहाड बन गये हैं और यहां ग्रामीणों को समस्या हो रही है। गुरूवार को कूडे से मुक्ति दिलाने के लिए गठित की गई विकास संघर्ष समिति के 11 सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और विधायक अजीत पाल त्यागी को ज्ञापन सौंपा और बताया कि इस डम्पिंग ग्राउंड से मुरादनगर की ग्रामीण जनता परेशान है। समिति सदस्यों ने कहा कि नगर निगम गाजियाबाद द्वारा बार बार आश्वासन दिया जाता है विकास संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व अध्यक्ष आजाद प्रमुख ने किया। इस प्रतिनिधि मंडल में कृष्णदेव आर्य प्रधान, सलेख भैया, रणवीर चौधरी प्रधान, भूटन त्यागी, प्रवीण मुखिया, दक्ष नागर, बृजपाल सिंह निमेश, सीताराम शर्मा, बीसी बंसल एडवोकेट, तरूण कसाना, मिंटू प्रधान, राहुल फौजी, सुनील प्रधान, टीटू चेयरमैन, मुकेश त्यागी भट्टे वाले, सुबोध त्यागी प्रधान, राजेन्द्र त्यागी आर्या आदि शामिल रहे।

## कहा 28 अगस्त की वार्ता में नहीं निकला समाधान तो ग्रामीण करेंगे आंदोलन






### अगर नहीं निकला समाधान तो ग्रामीण घुसने नहीं देंगे कूड़े का एक भी वाहन

**करंट क्राइम।** कूड़े को लेकर मुरादनगर के ग्रामीण आंचल के लोग अब आंदोलन के मूड में है। जिला प्रशासन की मध्यस्था में 28 अगस्त को त्रिपक्षीय वार्ता बुलाई गई है। ग्रामीणों ने ऐलान किया कि यदि वार्ता में कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया तो ग्रामीण जनता आंदोलन करेगी। उन्होंने साफ कहा कि आंदोलन शुरू होने के बाद शहरीकरण कूड़े के एक भी वाहन को ग्रामीण क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा और रणनीति तय कर आंदोलन शुरू कर दिया जायेगा। हालांकि सांसद अतुल गर्ग और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि प्रशासन और निगम अधिकारियों से बात कर समाधान निकाला जायेगा और जब 28 अगस्त को जिला प्रशासन की बैठक होगी तो सांसद और विधायक भी इसमें शामिल होंगे।

# नगर निगम पार्षदों की एकता में दिखाई दी भाजपा वालों की ही आपसी फूट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम 75प्रतिशत के साथा भाजपा है लेकिन इस बहुमत का लाभ मिलता दिखाई नहीं देता है। नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव स्थगित हो जाता है। मेयर और नगर आयुक्त का विवाद हो जाता है। सबसे बडी बात ये है कि विपक्ष के 25 पार्षद तो खामोश है लेकिन भाजपा के 75 पार्षदों में गजब का जोश है। पार्षद एकता ग्रुप पर इस जोश की सूनामी दिखाई दी। नगर निगम के पार्षदों की एकता के लिए ये व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया गया और इस ग्रुप पर ही एकता की धज्जियां बिखर गई। पार्षद और खासतौर से भाजपा के पार्षद यहां अनेकता में बंट गये। किसी ने 55 हजार का कोई मामला उठाया तो किसी ने कहा कि सरकारी जमीन घेरी जा रही है। मरियम नगर की 700 गज जमीन पर पांच मंजिल बिल्डिंग का मामला आया। एक वार्ड में सीवर ओवरफ्लो का मामला आया और फिर बात खसरा नंबर 113 और 117 पर आ गई। इसके बाद यहां बताते हैं कि माला इतना बढ़ा कि भाजपा की एक



## कौन सी महिला पार्षद कर गई पार्षद एकता ग्रुप से ही लैफ्ट

महिला पार्षद को ये सबकुछ फाईन नहीं लगा। उन्होंने कहा कि यह ग्रुप पार्षद एकता के लिए बना है और यहां एक दूसरे के खिलाफ ही बातें कहीं जा रही है। महिला पार्षद ने असहमति जताते हुए खुद को ग्रुप से लैफ्ट कर लिया। बताते हैं कि इस ग्रुप पर जुडे एक पार्षद पति भी लैफ्ट हो गये। व्हाट्सऐप ग्रुप की ये जंग चचाओं में रही और यही बताया गया कि अगर पार्षद एकता ग्रुप वाले व्हाट्सऐप ग्रुप पर भी भाजपा वाले एक नहीं रह सकते तो वो कहां एक रह सकते है। महिला पार्षद ने अनुशासन पर जोर दिया और कहा कि अपनी बात रखने का सबको अधिकार है लेकिन पार्टी प्लेटफार्म, पार्टी प्रोटोकॉल ओर मयार्दा का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। हमारे आपसी मतभेद हो सकते हैं लेकिन कोई भी काम ऐसा नहीं होना चाहिए जिससे पार्टी की छवि खराब हो। कब तक हम उन्हें समझायेंगे इससे बेहतर तो यही है कि हम खुद इस ग्रुप से लैफ्ट हो जायेंगे।

# 20 केंद्रों पर साढ़े आठ हजार अभ्यर्थी देंगे पुलिस भर्ती परीक्षा

## त्रिस्तरीय सुरक्षा में परीक्षा केंद्रों पर होंगे पेपर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद के 20 केंद्रों पर पांच दिन तक चलने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा आज से शुरू होगी। दो पारियों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में 8,600 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। इसके लिए पुलिस-प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया है।

एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने बताया कि भर्ती परीक्षा संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एक वाहन से ही सभी केंद्रों पर प्रश्नपत्रों का वितरण होगा और ट्रेजरी से लेकर परीक्षा केंद्र तक वाहन को कड़ी सुरक्षा में रखा जाएगा। प्रश्नपत्र व उत्तर पुस्तिका ट्रेजरी के डबल लॉक में रखवाने की व्यवस्था की गई है। सभी कक्ष निरीक्षकों को सुबह ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर व्यवस्था संभालने की और सीटिंग प्लांन को चेक करने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को जिले के 20 केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा आयोजित होगी। पहले दिन 8,600 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत है। परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ने के चलते परीक्षा केंद्रों के अलावा रेलवे स्टेशन तथा बस अड्डों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी ड्रोन कैमरों से भी की जाएगी।

### परीक्षा केंद्रों पर होगी तीन स्तरीय सुरक्षा

**करंट क्राइम ।** आईपीएस अधिकारी कलपना सक्सेना ने बताया है कि सिपाही भर्ती परीक्षा त्रितरीय सुरक्षा घेरे में संपन्न होगी। अधिकारियों के मुताबिक प्रत्येक केंद्र पर एक-एक स्टेटिक और एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती होगी। प्रत्येक सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ दो-दो पुलिसकर्मी रहेंगे। हर परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक टीम के तौर पर 12 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे तथा प्रत्येक केंद्र पर प्रभारी के तौर पर इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी की तैनाती की गई है।

### यहां हैं परीक्षा केंद्र

- नगरपालिका बालिका इंटर कालेज चंद्रपुरी और ए-ब्लॉक और बी-ब्लॉक
- सेठ मुकंदलाल इंटर कालेज हापुड़ रोड
- मनोहरी विद्या मंदिर हायर सेकेंड्री स्कूल
- एमएमएच कॉलेज मॉडल टाउन
- सनातन धर्म इंटर कालेज
- शंभू दयाल इंटर कालेज
- शंभू दयाल पीजी कॉलेज
- एमएमएचवी इंटर कालेज
- राजकीय कन्या इंटर कालेज सेक्टर-नौ विजयनगर ए-ब्लॉक और बी-ब्लॉक
- एचएचएमके इंटर कालेज माधोपुर विजयनगर
- राजकीय इंटर कॉलेज नंदग्राम
- मान्यवर कांशीराम राजकीय डिग्री कॉलेज सद्दीकनगर
- गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज लोहियानगर
- सुशीला बालिका इंटर कालेज दयानंद नगर
- राजकीय पॉलिटेक्निक डी-ब्लॉक शास्त्रीनगर
- लाजपतराय डिग्री कॉलेज श्यामपार्क साहिबाबाद
- कैलाशवती इंटर कालेज अर्थला
- आध्यामिक नगर इंटर कालेज डासना

## जायजा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की पूर्व संध्या पर गुरुवार को हिंदी भवन में तैयारिया चलती रही। हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने भी सभागार से लेकर परिसर में सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस बात को सुनिश्चित किया कि कहीं कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। दोनो ने अधिकारियों के साथ भी वार्ता की ओर पूरे प्लान को अपडेट किया।

## संपादकीय

# रिश्तों में संतुलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो यूरोपीय देशों– पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा पर रवाना हो गए। पहले वह पोलैंड जाएंगे। लेकिन सबकी नजरें उनके यूक्रेन दौरे पर टिकी हैं जहां युद्ध विशेष दौर में पहुंच चुका है।

पीएम मोदी की पोलैंड यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्तों के 70 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वह पिछले 45 वर्षों में पोलैंड जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी इस यात्रा के दौरान द्विपक्षीय रिश्तों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत होगी। ध्यान रहे, पोलैंड में रह रहे भारतीयों की संख्या करीब 25000 है जिनमें 5000 से ज्यादा स्टूडेंट्स हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद जब वहां फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने की चुनौती सामने आई थी, तो पोलैंड का सहयोग अहम साबित हुआ था। तब ह्यऑपरेशन गंगा के दौरान करीब 4000 स्टूडेंट्स पोलैंड के रास्ते ही स्वदेश लाए गए थे।

23 अगस्त को पोलैंड से ही ट्रेन के जरिए पीएम मोदी यूक्रेन जाएंगे। यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यूक्रेन यात्रा है। खासकर रूस–यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में इस यात्रा की अहमियत बहुत बढ़ जाती है। पिछले महीने जब पीएम मोदी रूस यात्रा पर गए थे और वहां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से मुलाकात की थी, तो उस पर निराशा जताने वालों में यूक्रेन के जेलेंस्की भी थे। एक महीने के अंदर हो रही प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा इस तथ्य को रेखांकित करती है कि भारत रूस और यूक्रेन दोनों के साथ अपने रिश्तों को लेकर गंभीर है और उनके बीच हो रहे युद्ध का असर अपने किसी रिश्ते पर नहीं पड़ने देना चाहता।

दिलचस्प है कि जब पीएम मोदी कीव पहुंच रहे हैं तब यूक्रेन की सेना ने कुछ रूसी क्षेत्रों में दबाव बढ़ा रखा है। लेकिन भारत युद्ध के उतार–चढ़ावों से खुद को अलग रखे हुए है। उसका शुरू से कहना है कि कूटनीतिक बातचीत के जरिए ही सारे विवाद हल किए जाने चाहिए। पीएम मोदी जब 2022 में समरकंद में रूसी राष्ट्रपति पूतिन से मिले थे, तब भी उनसे कहा था कि यह युद्ध का दौर नहीं है और जब हालिया रूसी यात्रा के दौरान उनसे मिले तब भी कहा कि युद्ध के मैदान में कोई हल नहीं निकलने वाला।

खास बात यह है कि चाहे रूस और यूक्रेन हों या अमेरिका और अन्य यूरोपीय देश, भारत इनमें से किसी के भी दबाव में आए बगैर अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र और संतुलित नीति पर कायम है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी आज भी यह उम्मीद बनाए हुए है कि दोनों देशों से करीबी की बदौलत भारत शांति प्रयासों को अंजाम तक पहुंचाने में विशेष भूमिका निभा सकता है।

# भारत का प्रत्यक्ष कर संग्रह बीते 10 वर्षों में तीन गुना बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये हुआ : राजस्व सचिव



**नई दिल्ली।** भारत का प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले दस वर्षों में 5.59 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस दौरान टैक्स-टू-जीडीपी रेश्यो भी बढ़कर 6 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो कि पहले 5.6 प्रतिशत था। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने यह जानकारी दी। 'इनकम टैक्स डे' पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को टेक्नोलॉजी और करदाताओं की सुविधा बढ़ाने पर फोकस करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के तेजी से काम करने को भी हाईलाइट करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में 7.28 करोड़ (31 जुलाई तक) आईटीआर जमा हुए। इसमें से 4.98 करोड़ आईटीआर प्रोसेस हो चुके हैं। 3.92 करोड़ आईटीआर 15 से कम दिनों में ही प्रोसेस हो चुके थे। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पिछले कुछ वर्षों में टैक्स बेस को दोगुना करने में सफल रहा है। साथ ही फेसलेस रिजीम, ई-वेरिफिकेशन और ई-फाइलिंग आदि के जरिए करदाताओं के लिए अनुपालन को कम किया है। इसी कार्यक्रम में सीबीडीटी के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा कि डिपार्टमेंट का फोकस करदाताओं के लिए सर्विसेज को बढ़ाने और टेक्नोलॉजी के लिए अनुपालन को कम करने पर है। उन्होंने आगे कहा कि बीते वित्त वर्ष शुद्ध कर संग्रह में 17.7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली थी। वहीं, पिछले वर्ष के मुकाबले इस साल (31 जुलाई तक) जमा होने वाले आईटीआर की संख्या में 7.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, 72 प्रतिशत इनकम टैक्स रिटर्न नई टैक्स रिजीम के तहत भरे गए हैं। इसमें 58.57 लाख पहली बार इनकम टैक्स रिटर्न जमा करने वाले थे, जो दिखाता है कि टैक्स बेस भारत में बड़ा हो रहा है।

# शेयर बाजार हरे निशान में खुला, आईटी और एफएमसीजी शेयरों में उछाल



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में सकारात्मक खुला। बाजार के करीब सभी सूचकांकों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। सुबह 9:25 पर सेंसेक्स 145 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 81,046 और निफ्टी 44 अंक की बढ़त के साथ 24,815 पर था। बाजार में रुझान भी तेजी का है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1730 शेयर हरे निशान में और 423 शेयर लाल निशान में हैं। सबसे अधिक तेजी आईटी और एफएमसीजी शेयरों में देखने को मिल रही है। निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.42 प्रतिशत और निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स में 0.48 प्रतिशत की तेजी है। इसके अलावा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, मेटल और मीडिया इंडेक्स में तेजी है। ऑटो, फार्मा, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स में दबाव के साथ कारोबार हो रहा है। बैंकिंग शेयरों में भी खरीदारी देखी जा रही है। निफ्टी बैंक 134 अंक या 0.27 प्रतिशत बढ़कर 50,820 पर बना हुआ है। छोटे और मझोले शेयरों में भी तेजी है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 279 अंक या 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,715 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 75 अंक या 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,141 पर है। सेंसेक्स पैक में इन्फोसिस, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एचयूएल, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई टॉप गेनर्स हैं। पावर ग्रिड, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, टीसीएस और एक्सिस बैंक टॉप लूजर्स हैं। चॉइस ब्रोकिंग के एनालिस्ट का कहना है कि तेजी से खुलने के बाद निफ्टी के लिए 24,700, 24,650 और फिर 24,600 एक अहम सपोर्ट लेवल होगा। ऊपर की तरफ 24,850, 24,900 और फिर 25,000 एक अहम रुकावट का स्तर होगा। एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो और हांगकांग के बाजार में तेजी है। वहीं, शंघाई, जकार्ता और सोल के बाजार लाल निशान में हैं। अमेरिकी बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से 21 अगस्त को 799 करोड़ रुपये की बिकवाली की गई है। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) द्वारा 3,097 करोड़ रुपये की खरीदारी की गई है।

# स्थानीय टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग से पैदा होंगी एंट्री लेवल की ज्यादा नौकरियां : केंद्रीय मंत्री



**नई दिल्ली।** प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत स्थानीय टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग पर जोर देने से एंट्री लेवल की नौकरियों के अधिक अवसर पैदा होंगे और इससे अधिक कुशल मानव संसाधन बनाने में सफलता मिलेगी। केंद्र की ओर से यह बयान दिया गया है। टेलीकॉम सेक्टर के लिए उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कंपनियों से बातचीत करते हुए केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी और सहयोगात्मक नीतिगत निर्णय लेने को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान तय समय में समस्याओं को सुलझाने और साथ ही इंडस्ट्री-फ्रेंडली प्रोसेस बनाने पर है। यह मीटिंग टेलीकॉम उपकरण बनाने वाली कंपनियों के साथ हाल ही में बनाई गई स्टेकहोल्डर एडवाइजरी कमेटी (एसएसी) का हिस्सा थी। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री ने देश में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने, व्यावहारिक कार्यान्वयन दृष्टिकोण अपनाने और कारोबार में आसानी के साथ पिछली बैठक में चर्चा में लाए गए मुद्दों की समीक्षा की। एसएसी ने इस बैठक में विश्वास जताया कि टेलीकॉम उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग घरेलू स्तर पर बढ़ने से बड़ी संख्या में एंट्री लेवल की जॉब पैदा होगी। इसके साथ ही कुशल मानव संसाधन बनाने में सफलता मिलेगी। संचार मंत्रालय की ओर से कहा गया कि यह पहल भारत के टेलीकम्यूनिकेशन इकोसिस्टम के भविष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इंडस्ट्री के सदस्यों ने भी कहा कि अगर सरकार के साथ हम मिलकर काम करेंगे तो घरेलू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी टेलीकॉम सेक्टर में ग्रोथ देखने को मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया कि टेलीकॉम उपकरण बनाने वाली कंपनियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को सुलझाने में सरकार पूरा सहयोग देगी। साथ ही कहा कि कंपनियों को भी अन्य देशों में अपनाई जाने वाली बेस्ट प्रैक्टिस को फॉलो करना होगा। मंत्रालय के अनुसार, पीएलआई स्कीम आने के बाद देश में बने टेलीकॉम उपकरणों की बिक्री 50,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई है। इससे 17,800 प्रत्यक्ष नौकरियां और कई अन्य अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा हुई हैं। 50,000 करोड़ रुपये के इस आंकड़े में 10,500 करोड़ रुपये का निर्यात भी था।

# भारत में ई-कॉमर्स, इंजीनियरिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में मिल रही फ्रेशर्स को सबसे ज्यादा नौकरियां




**नई दिल्ली।** देश में ई-कॉमर्स एवं टेक्नोलॉजी स्टार्टअप्स, इंजीनियरिंग एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर और रिटेल, इस साल की पहली छमाही में फ्रेशर्स को नौकरी देने वाले शीर्ष तीन सेक्टर बने हैं। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। टीमलीज एडटेक की रिपोर्ट में कहा गया कि फ्रेशर्स की नियुक्तियों में जुलाई-दिसंबर 2023 के मुकाबले 7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। इसकी वजह मांग का बढ़ना है, जिसके कारण जॉब मार्केट में रिकवरी देखने को मिली है। फ्रेशर्स को नौकरी देने में बेंगलुरु सबसे आगे रहा है। यहां 74 प्रतिशत नियोक्ताओं ने फ्रेशर्स को नौकरी दी है। इसके बाद 60 प्रतिशत पर मुंबई, 54 प्रतिशत पर चेन्नई है। रिपोर्ट में बताया गया कि 72 प्रतिशत नियोक्ता आने वाले वर्षों में फ्रेशर्स को नौकरी देना चाहते हैं। 603 कंपनियों का सर्वे कर इस रिपोर्ट को तैयार किया गया है। जो दिखाता है कि नए ग्रेजुएट्स के लिए जॉब मार्केट अच्छा है। टीमलीज एडटेक के सीईओ और संस्थापक शांतनु रूज का कहना है कि कंपनियों द्वारा फ्रेशर्स की नियुक्तियां करने की इच्छा रखना एक सकारात्मक संकेत है। इससे फ्रेशर्स को आने वाले समय में अधिक अवसर मिलेंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि फुल-स्टैक डेवलपर, एसईओ एग्जीक्यूटिव, डिजिटल सेल्स एसोसिएट और यूआई/यूएक्स डिजाइनर जैसे पेशों में फ्रेशर्स की सबसे अधिक मांग है। काम करते समय उच्च डिग्री हासिल करने वाले लोगों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है, जिससे पता लगता है कि मांग स्थिर है। मैन्युफैक्चरिंग में 25 प्रतिशत कर्मचारी उच्च डिग्री पाने की योजना बना रहे हैं। यह आंकड़ा इंजीनियरिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर में 19 प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन में 11 प्रतिशत है। जॉब मार्केट में लगातार बदलाव हो रहे हैं और डिजिटल स्किल की मांग तेजी से बढ़ रही है।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद–फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम–प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा–पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

एक आदमी भागता हुआ पुलिस के
पास पहुंचा, और बोला –
मेरे दोस्त के साथ बहुत बड़ा हादसा हो गया।
पुलिस – क्या हुआ तुम्हारे दोस्त के साथ?
आदमी – वो मेरी बीवी के साथ भाग गया।

---

क्लास में मास्टर जी ने बच्चों से पूछा –
बताओ, कांटों भरे
रास्ते पर आपका साथ कौन देगा?
पति, पत्नी, मां–बाप,
प्रेमी, प्रेमिका या दोस्त?
पप्पू खड़े होकर बोला – सर चप्पल!
फिर मास्टर जी ने चप्पल से की पप्पू की पिटाई।

---

संता बंता रात को सड़क पर घूम रहे थे।
संता – बहुत गर्मी है यार...
बंता – हां, दिन होता तो कहीं
छांव में बैठ जाते।

## रोचक तथ्यों का करंट

- गणितीय संकेतों (+) और (–) का प्रयोग हजार सालों से हो रहा है पर अधिकांश गणितीय संकेतों की उत्पत्ति सोलहवीं शताब्दी में जाकर हुई है।
- पेट्रोल की गाड़ी चन्द्रमा पर नहीं चल सकती क्योंकि वहां पर वायुमण्डल नहीं है।
- हीरा तथा ग्रेफाइट कार्बन के क्रिस्टलीय अवरूप है।
- ईंधनों के जलने से प्राप्त कार्बन डाईऑक्साइड प्रदूषण का मुख्य कारण है।
- आग बुझाने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड का प्रयोग किया जाता है।
- ओजोन मण्डल पराबैगनी किरणों को अवशोषित करके पृथ्वी के जीवो की रक्षा करता है।
- नीबू में साइट्रिक अम्ल पाया जाता है।
- इमली में टारटरिक अम्ल होता है।
- नाइट्रस ऑक्साइड तथा सल्फर डाइऑक्साइड अम्ल वर्षा का मुख्य कारन है।
- साधारण कांच में सोडियम, कैल्शियम, पोटैशियम और लैड के सिलिकेट होते है।
- घरों में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस (एलपीजी) प्रोपेन तथा ब्यूटेन गैसों का मिश्रण होती है।
- क्वार्टज प्राकृतिक में सबसे अधिक मात्रा में पाया जाने वाला खनिज है अधिकतर चट्टाने इसी से बनी होती है।
- कुछ प्रदार्थ सूर्य के प्रकाश में रखने के बाद प्रकाश से हटाये जाने के बाद भी चमकते है इस घटना को स्फुरण कहते है यह गुण कैल्शियम सल्फाइड में पाया जाता है।
- रोमन अंक पद्धति में शून्य (0) का कोई स्थान नहीं है। शून्य का आविष्कार भारत में ही हुआ था।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# लुसाने डायमंड लीग से मैदान पर वापसी करेंगे नीरज चोपड़ा



**लुसाने।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के बाद गुरुवार को पहली बार मैदान पर उतरेंगे। नीरज लुसाने डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे और अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे। माना जा रहा था कि नीरज ओलंपिक के बाद लंबे समय से ग्रोइन चोट के कारण परेशान होने की वजह से ब्रेक लेंगे, लेकिन उन्होंने डायमंड लीग के लुसाने चरण में हिस्सा लेने का फैसला किया जिसका फाइनल अगले महीने होना है।

### लुसाने में बेहतर है नीरज का रिकॉर्ड

नीरज के पास लुसाने में हैट्रिक लगाने का मौका है। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी का लुसाने में अच्छा रिकॉर्ड रहा है। नीरज ने 2023 में लुसाने डायमंड लीग 87.66 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ जीती थी, जबकि 2022 में वह 89.08 मीटर के थ्रो के साथ विजेता बने थे।

### चौथे स्थान पर चल रहे हैं नीरज

नीरज 2022 में डायमंड लीग चैंपियन थे और पिछले साल अमेरिका के यूजीन में विनर-टेक-ऑल डायमंड लीग फाइनल में चेक गणराज्य के याकूब वाडलेच के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। फाइनल के लिए क्वालिफाई करने के लिए उन्हें डायमंड लीग मीटिंग सीरीज तालिका में शीर्ष छह में रहना होगा। पांच सितंबर को ज्यूरिख में एक और डायमंड लीग प्रतियोगिता होनी है जिसमें पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा भी शामिल है। 10 मई को दोहा डायमंड लीग में वाडलेच के बाद दूसरे स्थान पर रहने से वह सात अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं।

### सत्र के समाप्त होने पर सर्जरी को लेकर लेंगे फैसला

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने कहा था कि वह चोट की समस्या से उबरने की क्षमता रखते हैं। नीरज सत्र का समापन होने के बाद सर्जरी को लेकर कोई फैसला ले सकते हैं। डायमंड लीग का फाइनल 13 सितंबर को होना है। नीरज ओलंपिक में रजत जीतने से पूरी तरह संतुष्ट नहीं थे। उन्हें पाकिस्तान के अरशद नदीम ने पीछे छोड़ा था जिन्होंने 92.97 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया, जबकि नीरज 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत जीतने में सफल रहे थे।

# रोहित को इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड

## कोच राहुल द्रविड़ को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से नवाजा गया

**मुंबई।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा को बुधवार को यहां सिएट क्रिकेट रेटिंग अवॉर्ड्स 2023-24 में 'मेन्स इंटरनेशनल क्रिकेटर ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया गया, जबकि पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से नवाजा गया।

भारत के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली को 'पुरुष वनडे बल्लेबाज ऑफ द ईयर' चुना गया, जबकि गेंदबाजी में मोहम्मद शमी को 'वनडे बॉलर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार दिया गया। 2023 वनडे विश्व कप के दौरान शमी का उत्कृष्ट प्रदर्शन, जहां वह 24 विकेट के साथ सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे। इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 712 रन बनाने वाले युवा सनसनी यशस्वी जायसवाल को 'पुरुष टेस्ट बल्लेबाज ऑफ द ईयर'



के रूप में सम्मानित किया गया था। टेस्ट क्रिकेट में जायसवाल का उत्थान शानदार रहा है, उनके असाधारण प्रदर्शन को व्यापक प्रशंसा मिली है।

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को 'वर्ष का पुरुष टेस्ट गेंदबाज' नामित किया गया। बीसीसीआई सचिव जय शाह को भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए 'खेल प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। पिछले सीजन में रणजी ट्रॉफी फाइनल में अपनी टीम का नेतृत्व करने वाले तमिलनाडु के कप्तान आर साई किशोर को 'घरेलू क्रिकेटर ऑफ द ईयर' नामित किया गया। न्यूजीलैंड के टिम साउदी को 'पुरुष टी20 गेंदबाज ऑफ द ईयर' के रूप में सम्मानित किया गया, जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट को टी20 प्रारूप में 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज' चुना गया। भारत की महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को टी20 इतिहास में सर्वाधिक मैचों में देश का नेतृत्व करने के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उनकी डिप्टी स्मृति मंधाना को 'वर्ष की महिला भारतीय बल्लेबाज' नामित किया गया, जबकि दीप्ति शर्मा को 'वर्ष की भारतीय गेंदबाज' के रूप में मान्यता दी गई। शैफाली वर्मा को महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने की उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए एक स्मृति चिन्ह मिला, यह उपलब्धि उन्होंने इस साल की शुरूआत में चेन्नई टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 194 गेंदों पर हासिल की थी। इस साल की शुरूआत में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को 'उत्कृष्ट नेतृत्व' के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# ऐतिहासिक ओलंपिक के बाद अर्चना कामथ ने शिक्षा के लिए टेबल टेनिस छोड़ दिया

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष पैडलर अर्चना कामथ ने शिक्षा के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए टेबल टेनिस छोड़ दिया है। 24 वर्षीय ओलंपियन, जो पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने वाली भारत की महिला टीम की प्रमुख सदस्य थीं, ने कहा कि उनका निर्णय पूरी तरह से पढ़ाई के प्रति उनके प्यार से प्रेरित है। उसने मिशिगन , जहां वह वर्तमान में पढ़ रही है,से द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, ह्लअगर मैंने प्रतिस्पर्धी टेबल टेनिस से संन्यास ले लिया है, तो यह केवल और केवल शिक्षा के प्रति मेरे जुनून के कारण है। वित्तीय सहित असाधारण समर्थन प्राप्त करने के बाद, मैं विश्वास के साथ कह सकती हूं कि यह किसी भी तरह से वित्तीय निर्णय नहीं था। कामथ ने भारत की टीम को पेरिस में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो भारतीय टेबल टेनिस के लिए एक मील का पत्थर था। जर्मनी से कड़ी हार के बावजूद, कामथ एकमात्र



उज्ज्वल स्थान थीं, जिन्होंने उच्च रैंकिंग वाली ज़ियाओना शान के खिलाफ जीत हासिल की। कामथ के जाने से भारत में टेबल टेनिस को आगे बढ़ाने की वित्तीय व्यवहार्यता पर सवाल उठे, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्तीय चिंताओं ने उनके निर्णय में कोई भूमिका नहीं निभाई। कामथ ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, टेबल टेनिस के साथ मेरे 15 साल शानदार रहे हैं और अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका मिलने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। यह एक अद्भुत खेल है जिसे मुझे लंबे समय तक खेलने का सौभाग्य मिला है और इसके प्रति मेरा प्यार जारी है। उन्होंने अपने करियर के दौरान मिले व्यापक समर्थन पर जोर दिया और अपनी यात्रा में सहयोग के लिए ओजीक्यू, टॉप्स और इंडियन ऑयल जैसे संगठनों की सराहना की। उन्होंने कहा, मुझे उस मोर्चे पर शिकायत करने का न तो अधिकार है और न ही इसकी इच्छा है - ऐसा करना उन एथलीटों के लिए बेहद अनुचित होगा जिन्होंने वास्तव में समर्थन के अभाव में संघर्ष किया है।

# प्रो कबड्डी लीग में होगा टक्कर का मुकाबला

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी पूरी हो चुकी है और अब फ्रेंचाइजियों के लिए अपने संसाधनों को इकट्ठा करने और आगामी सीजन 11 के लिए तैयार होने का समय आ गया है। दो दिवसीय बोली युद्ध,15 और 16 अगस्त को यहां खिलाड़ियों की नीलामी में, के बाद सभी 12 फ्रेंचाइजी के पास नए अभियान की शुरूआत से पहले एक संशोधित टीम है जिससे प्रो लीग में टक्कर का मुकाबला होने की पूरी उम्मीद है।

### पीकेएल सीजन 11 से पहले, यहां देखें कि नीलामी के दौरान टीमों का आकार कैसा रहा है

#### बंगाल वारियर्स

वारियर्स ने एक ठोस टीम तैयार की है, जिसमें अनुभवी मनिंदर सिंह हैं, जिन्हें एफबीएम कार्ड के माध्यम से 1.15 करोड़ रुपये में बरकरार रखा गया है, और फजल अत्राचली को 50 लाख रुपये में खरीदा गया है, जो **क्रमशः** उनके आक्रमण और रक्षा का नेतृत्व कर रहे हैं। टीम की गहराई से प्रेरित,



बंगाल वॉरियर्स ने नीलामी में सभी आधारों को कवर कर लिया है, नितेश कुमार, मयूर कदम और वैभव गार्जे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों ने अपनी रक्षा को मजबूत किया है। हमले में मनिंदर का साथ नितिन कुमार, विश्वास एस., अर्जुन राठी और ताइवानी रेडर चाई-मिंग चांग देंगे।

बंगाल वारियर्स की पूरी टीमः नितिन कुमार, विश्वास एस, यश मलिक, मंजीत, दीप कुमार, सुशील काम्ब्रेकर, श्रेयस उंबरदंड, आदित्य एस. शिंदे, दीपक अर्जुन शिंदे, महारुद्र गरजे, मनिंदर सिंह, वैभव भाऊसाहेब गरजे, सागर कुमार, नितेश कुमार, मयूर जगन्नाथ कदम, प्रणय विनय राणे, प्रवीण ठाकुर, आकाश बी चौहान, अर्जुन राठी, हेम राज, संभाजी वबाले, चाई-मिंग चांग (विदेशी), फजल अत्राचली (विदेशी)

#### बेंगलुरु बुल्स

नए लुक वाली बेंगलुरु बुल्स कुछ महत्वपूर्ण बदलावों के साथ अपनी टीम को बेहतर बनाने के बाद एक्शन के लिए तैयार होगी। उन्होंने खिलाड़ियों की नीलामी में अजिंक्य पवार और प्रदीप नरवाल जैसे शीर्ष गुणवत्ता वाले रेडरों को क्रमशः 1.107 करोड़ रुपये और 70 लाख रुपये में खरीदकर अपना आक्रमण मजबूत किया। जय भगवान ( 63 लाख) बुल्स के लिए आक्रमण में एक और महत्वपूर्ण योगदान है, जबकि अनुभवी ऑलराउंडर नितिन रावल एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो मैट के दोनों छोर पर योगदान देते हैं। रक्षा क्षेत्र में, बरकरार रखे गए सौरभ नंदल से पोनपार्थिबन सुब्रमण्यम, पार्टिक और अरुलनंथबाबू जैसी प्रतिभाओं के साथ उदाहरण पेश करने की उम्मीद है। बेंगलुरु बुल्स की पूरी टीमः पोनपार्थिबन सुब्रमण्यन, रोहित कुमार, सुशील, पंकज, मंजीत, चंद्रनायक एम, लकी कुमार, आदित्य शंकर पोवार, अक्षित, अरुलनंथाबाबू, पार्टिक, सौरभ नंदल, प्रदीप नरवाल, अजिंक्य अशोक पवार, नितिन रावल, जय भगवान, जतिन , प्रमोत सैसिंग (विदेशी), हसुन थोंगक्रूआ (विदेशी)

#### दबंग दिल्ली के.सी

दबंग दिल्ली के.सी. एक शक्तिशाली टीम बनाने के बाद सीजन 11 के लिए तैयार दिख रहा है जिससे अन्य टीमें सावधान रहेंगी। उन्होंने खिलाड़ियों की नीलामी से पहले नवीन कुमार, आशु मलिक और डिफेंडर योगेश जैसे अपने शीर्ष सितारों को बरकरार रखा।

नीलामी की मेज पर दबंग दिल्ली के.सी. सिद्धार्थ देसाई को 26 लाख रुपये में साइन करके अपने आक्रमण में और अधिक मारक क्षमता जोड़ी। रक्षात्मक मोर्चे पर दबंग दिल्ली के.सी. अपनी रक्षा को और मजबूत करने के लिए गौरव छिल्लर और रिंकू नरवाल को शामिल किया, जिसमें हिम्मत अंतिल और विक्रांत जैसी प्रतिभाएं भी शामिल हैं।

दबंग दिल्ली के.सी. पूरी टीमः नवीन कुमार, आशु मलिक, विक्रांत, संदीप, मोहित, आशीष, हिम्मत अंतिल, मनु, योगेश, आशीष, सिद्धार्थ सिरीश देसाई, बृजेंद्र सिंह चौधरी, नितिन पंवार, रिंकू नरवाल, हिमांशु, विनय, गौरव छिल्लर, राहुल, परवीन , मोहम्मद मिजानुर रहमान (विदेशी), मोहम्मद बाबा अली (विदेशी)।


# अर्पित राणा के अर्धशतक ने दिलाई पुरानी दिल्ली 6 को पहली जीत

**नई दिल्ली।** अर्पित राणा के जोरदार अर्धशतक की मदद से पुरानी दिल्ली 6 ने अरुण जेटली स्टेडियम में चल रही दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के अपने तीसरे मैच में बुधवार रात वेस्ट दिल्ली लायंस को 7 विकेट से हरा कर अपनी पहली जीत हासिल की। लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज अर्पित राणा ने 43 गेंदों में 56 रनों की सूझ बूझ भरी पारी खेली तो वहीं बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए लक्ष्मण ने 3 और आयुष सिंह ने 2 विकेट झटके। मौजूदा सीजन में पुरानी दिल्ली 6 की यह पहली जीत है। ललित यादव की अगुवाई वाली इस टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में वेस्ट दिल्ली लायंस को 141/9 पर रोक दिया । पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, यह जीत हमारे खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है ।अर्पित राणा की संयम भरी पारी और गेंदबाजों के अनुशासित प्रयासों ने इस जीत की नींव रखी। हम आगे भी इस प्रदर्शन को जारी रखेंगे। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्ट दिल्ली लायंस की शुरूआत काफी खराब रही और टीम ने तीन ओवर के अंदर 3 विकेट खो दिए। जिसके बाद शिवम गुप्ता और कप्तान रितिक शौकीन ने छोटी-छोटी साझेदारियों से वेस्ट दिल्ली लायंस को संभालने की कोशिश की, लेकिन फिर आठवें ओवर में शिवम का आउट होना और 12वें ओवर में शौकीन के भी पवेलियन लौट जाने से टीम खेल में काफी पीछे रह गई और टीम का स्कोर 65/5 हो गया। हालांकि देव लाकड़ा ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले, लेकिन ज्यादा देर तक पारी को आगे



नहीं बढ़ा सके। अंत में एकांश डोबाल और तिशांत डाबला ने क्रमशः 14 गेंदों में 34 और 9 गेंदों में 23 रन बनाकर वेस्ट दिल्ली लायंस को निर्धारित 20 ओवरों में 141/9 तक पहुंचने में मदद की। 142 रनों का पीछा करने उतरी पुरानी दिल्ली 6 ने शानदार शुरूआत करते हुए 4 ओवर के अंदर 40 रन बना लिए। अर्पित राणा ने पुरानी दिल्ली 6 को जोरदार शुरूआत दी, लेकिन उनका साथ निभाने उतरे मंजीत चौथे ओवर में आउट हो गए। इसके बाद सनत सांगवान ने लक्ष्य का पीछा करने में अर्पित राणा की मदद की और दोनों ने 40 रनों की साझेदारी निभाई। जिसके बाद 11वें ओवर में सांगवान और 13वें ओवर में ललित यादव भी आउट हो गए, लेकिन अर्पित राणा ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और स्कोरबोर्ड को चलाते रहे। अंत में वंश बेदी ने 18 गेंदों में 30 रन बनाकर 17 गेंद रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया।

# कबड्डी के माध्यम से भारत और पोलैंड कैसे जुड़े?






**वारसॉ (पोलैंड)।** भारत और पोलैंड एक दूसरे से 6000 किलोमीटर से भी ज्यादा दूर हैं। दोनों देशों के बीच महाद्वीपों, समुद्रों और महासागरों का अंतर है, लेकिन एक ऐसा धागा है जिससे दोनों देश जुड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पोलैंड दौरे पर इसका जिक्र किया और बताया कि कैसे 'कबड्डी' ने दोनों देशों के बीच एक खास कनेक्शन बनाया है। देश के शासकीय अंदरूनी इलाकों में जन्मा यह खेल अब एक उभरता हुआ खेल बन गया है, जिसने पोलिश युवाओं को भी अपनी ओर आकर्षित किया है। इसी का नतीजा है कि यूरोपीय राष्ट्र ने यूरोप में खिताब जीते हैं, और कबड्डी विश्व कप में महाद्वीप का प्रतिनिधित्व किया है। भारत और पोलैंड के बीच राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हम कबड्डी के खेल के माध्यम से भी जुड़े हुए हैं। यह खेल भारत के माध्यम से पोलैंड पहुंचा और उन्होंने इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। पोलैंड पहली बार कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है। मैं उनकी टीम को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। दोनों देशों के बीच खेल संबंध को आगे बढ़ाने के लिए पीएम मोदी गुरुवार को पोलैंड की पुरुष और महिला कबड्डी टीमों के कप्तानों से मुलाकात करेंगे। पोलैंड में कबड्डी काफी लोकप्रिय है, क्योंकि यह टैग और कुश्ती के यूरोपीय खेल जैसा है, और वो वर्तमान यूरोपीय चैंपियन हैं। पोलैंड के माइकल स्पिक्जो देश में सबसे तेजी से बढ़ती पेशेवर लीग प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में खेलने वाले पहले यूरोपीय थे। यहां इसकी शुरूआत तब हुई जब भारत के एक खिलाड़ी अभिषेक शर्मा ने एक क्लब शुरू करने का फैसला किया। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) के सदस्य अशोक दास के सहयोग से अभिषेक शर्मा, जो 2007 में बायो-टेक्नोलॉजी में एमएस कोर्स पूरा करने के बाद पोलैंड चले गए, ने 2010 में 'कबड्डी प्रोजेक्ट' की शुरूआत की। तब से, शर्मा ने अपनी सारी कमाई कबड्डी को लोकप्रिय बनाने में लगा दी और इस खेल को इस मुकाम तक पहुंचाया। पोलैंड की पुरुष राष्ट्रीय टीम ने भारत के अहमदाबाद में 2016 कबड्डी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया और उसमें खेला, तथा प्रारंभिक ग्रुप मैच में तत्कालीन विश्व चैंपियन ईरान को हराकर बड़ा फेरबदल किया। हालांकि वे ग्रुप में चौथे स्थान पर रहे और अगले चरण में आगे बढ़ने में असफल रहे, लेकिन परिणाम से पता चला कि पोलैंड में कबड्डी का भविष्य उज्ज्वल है। प्रधानमंत्री मोदी की वर्तमान यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूती मिलेगी।

# ट्राई सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 महिला टीम में भारतीय मूल की तीन खिलाड़ी

**कैनबरा।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आगामी महिला अंडर-19 ट्राई सीरीज के लिए अपनी टीम में भारतीय मूल की तीन खिलाड़ियों को शामिल किया है। इस सीरीज में न्यूजीलैंड और श्रीलंका की अंडर-19 टीमें भी शामिल हैं। यह सीरीज 19 सितंबर से ब्रिस्बेन में खेली जाएगी। रिब्या स्यान, समारा डुलविन और हसरत गिल, ये वो नाम है जो भारत से ताल्लुक रखती हैं। क्रिकेट फैंस को यही उम्मीद है कि वो बेहतर प्रदर्शन करेंगी और अपना नाम बनाएंगी। युवा चयन पैनल ने ब्रिसबेन और गोल्ड कोस्ट में होने वाली ट्राई सीरीज के लिए प्रत्येक प्रारूप (टी20 और 50 ओवर) के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी क्रिस्टन बीम्स को टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। 14 दिनों तक चलने वाली इस ट्राई सीरीज में सभी टीमें चार टी20 और दो वनडे मैच खेलेंगी। रिब्या स्यान विक्टोरिया की एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं, जबकि समारा डुलविन एक बल्लेबाज हैं जो पहले इंग्लैंड



### ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 महिला टीमः

टी 20 टीम : बोनी बेरी, काओइमहे ब्रे, एला ब्रिस्को, मैगी क्लार्क, समारा डुल्विन, लूसी फिन, हसरत गिल, लूसी हैमिल्टन, एमी हंटर, एलेनोर, इनेस मैककॉन, रिब्या स्यान, टेगन विलियमसन, एलिजाबेथ वर्थले, हेले जॉच
50 ओवर की टीम : बोनी बेरी, काओइमहे ब्रे, एला ब्रिस्को, मैगी क्लार्क, समारा डुल्विन, लूसी फिन, हसरत गिल, एमी हंटर, एलेनोर, इनेस मैककॉन, जूलियट मॉर्टन (एनएसडब्ल्यू) रिब्या स्यान, टेगन विलियमसन, एलिजाबेथ वर्थले, हेले जॉच

अंडर-19 के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया महिला अंडर-19 टीम के लिए खेल चुकी हैं। हसरत गिल एक गेंदबाज हैं जिन्होंने इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ अंडर-19 मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है।

# लिजेल ली ने होबार्ट हरिकेंस के साथ दो साल का किया कॉन्ट्रैक्ट

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की पूर्व सलामी बल्लेबाज लिजेल ली ने होबार्ट हरिकेंस के साथ अपने जुड़ाव को आगे बढ़ाते हुए क्लब के साथ दो साल का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। लिजेल को डब्ल्यूबीबीएल के आगामी सीजनों के लिए विदेशी खिलाड़ियों के लिए प्री-ड्राफ्ट साइनिंग नियमों के तहत साइन किया गया है। लिजेल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद स्थायी रूप से तस्मानिया चली गईं और 2022 से डब्ल्यूबीबीएल में हरिकेंस के साथ जुड़ी हुई हैं। पिछले डब्ल्यूबीबीएल सीजन में, लिजेल ने 37.18 की औसत और 146.07 की स्ट्राइक रेट से 409 रन बनाए, जिसमें मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ नाबाद 101 रन की पारी भी शामिल थी। उन्हें होबार्ट हरिकेंस डब्ल्यूबीबीएल प्लेयर ऑफ द सीजन भी चुना गया था। लिजेल ने एक बयान में कहा, मुझे होबार्ट हरिकेंस के लिए खेलना बहुत पसंद है। मैं तस्मानिया में एक और



सीजन के लिए ब्लंडस्टोन एरिना में लौटने के लिए उत्साहित हूँ! मुझे लगता है कि टीम ने पिछले सीजन में अच्छी प्रगति की है और मैं अपनी भूमिका और स्वाभाविक खेल खेलने के लिए बेताब हूं क्योंकि हम तस्मानिया और हरिकेंस को उनकी पहली डब्ल्यूबीबीएल ट्रॉफी दिलाना चाहते हैं। लिजेल भी निकोला कैरी, हीथर ग्राहम, रूथ जॉनस्टन, हेले सिल्वर-होम्स, एमी स्मिथ, लॉरेन स्मिथ, मौली स्ट्रानो, राचेल ट्रेनमैन और एलीस विलानी के साथ डब्ल्यूबीबीएल सीजन-10 से पहले कॉन्ट्रैक्ट के तहत हरिकेंस खिलाड़ियों में शामिल हो गई हैं। 1 सितंबर को होने वाले डब्ल्यूबीबीएल विदेशी खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में हरिकेंस को टॉप-1 पिक मिली है। पिछले सप्ताह उनके नामांकन की पुष्टि होने के बाद ड्राफ्ट में अगर संभव हुआ तो उनके पास लिजेल की दक्षिण अफ्रीकी टीम की पूर्व साथी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल को बरकरार रखने का अधिकार होगा।

# मैं अब फिट हूं और गेंदबाजी में योगदान दे सकता हूं : कैमरून ग्रीननई

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने कहा कि वह आगामी घरेलू गर्मियों में अधिक गेंदबाजी कार्यभार संभालने के लिए उत्सुक हैं। खासकर टेस्ट क्रिकेट को लेकर उन्होंने कहा कि उनका शरीर अब अच्छी स्थिति में है, जिसका मतलब है कि वह गेंद के साथ टीम के लिए योगदान दे सकते हैं। ग्रीन ने 2020/21 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया और अब तक इस फॉर्मेट में 28 मैच खेल चुके हैं। पिछले काफी समय से चोटों से जूझ रहे ग्रीन अपनी बल्लेबाजी के लिए ज्यादा मशहूर रहे हैं। उन्होंने 36.23 की औसत से 1,377 रन बनाए हैं। लेकिन इस बार ये ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान अधिक गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभाल सकता है। इससे उनके विकेटों की संख्या में भी इजाफा होगा, जो वर्तमान में 35.31 की औसत से 35 टेस्ट विकेट है।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र प्रशांत उर्फ तोता को उसके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थी
बॉबी पुत्र रमेश चंद्र
निवासी-मकान नंबर- 68,
अंबेडकर भवन,कल्लूपुरा
थाना,कोतवाली,
तहसील व जिला-गाजियाबाद

**NAME CHANGED**

In my different Documents, My father name mentioned as Ramachandran and Ramachandran S.M.His correct name is Samichettiyar Mariappan Ramachandran.Karthikeyen Ramachandran S/O Samichettiyar Mariappan Ramachandran R/O A-1020, Tower-4, Ashiana Upvan, Ahinsa Khand-2, Indirapuram, Ghaziabad

## लव जिहाद में डॉक्टर गिरफ्तार

# यूक्रेन से पढ़कर आई डॉक्टर से धर्मांतरण करके शादी की, फिर भी बेटे का कराया सुन्नत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पुलिस ने लव जिहाद के आरोपी डॉक्टर अब्दुर्रहमान को गुरुवार को गिरफ्तार किया है।

डॉक्टर पर आरोप है कि उसने नोएडा के अस्पताल में साथ काम करने वाली महिला डॉक्टर से नजदीकियां बढ़ाई, फिर हिन्दू रीति-रिवाज से शादी कर ली।

इसके बावजूद बेटे का नाम अली रखा और उसकी सुन्नत भी कराई। यानि डॉक्टर ने हिन्दू धर्म अपनाने का सिर्फ ढोंग किया, ऐसा पीड़िता और पुलिस का दावा है।



### नोएडा के हॉस्पिटल में हुई दोनों की मुलाकात

उड़ीसा में भुवनेश्वर निवासी सांगविका सारंगी ने बताया- मेरी बेटी हर्षा सारंगी ने यूक्रेन से टइइर की पढ़ाई की। भारत आकर उसने नोएडा के प्राइवेट हॉस्पिटल में जॉब शुरू कर दी। यहां उसकी जान-पहचान सहकर्मी डॉक्टर अब्दुर्रहमान से हो गई, जो मेरठ जिले में शाहजहांपुर का रहने वाला था। 17 नवंबर 2017 को डॉक्टर अब्दुर्रहमान ने फ्लैट में आग लगाकर मेरी बेटी को अपंग बना दिया। वो करीब 28% जल गई। बेटी ने पुलिस को बयान दिया था कि उसको किसी प्रकार से बेहोश किया गया था। इसके बाद अचानक फ्लैट में आग लग गई। हालांकि पुलिस ने इस केस में आगे कोई कार्रवाई नहीं की।

### एक ही दिन में धर्मांतरण, शादी और रजिस्ट्रेशन

सांगविका सारंगी ने बताया- साल 2018 में डॉक्टर अब्दुर्रहमान ने अपना धर्म परिवर्तन करने का ढोंग रचा और गाजियाबाद के आर्य समाज मंदिर में मेरी बेटी से शादी कर ली। उसने एक ही दिन में अपना धर्मांतरण किया, बेटी से शादी की और उसका रजिस्ट्रेशन भी करा लिया। जबकि हिन्दू विशेष विवाह अधिनियम में शादी से पहले पक्षकारों के माता-पिता को सूचित करना अनिवार्य होता है।

### गाजियाबाद पुलिस ने 13 अगस्त को दर्ज की एफआईआर

युवती की मां ने बताया- साल 2021 में बेटी ने एक बच्चे को जन्म दिया। अब्दुर्रहमान ने उसका नाम अली रखा। जबकि वो धर्मांतरण कर चुका था तो उसको कोई हिन्दू नाम रखना चाहिए था। इससे प्रतीत हुआ कि उसने सिर्फ शादी के लिए धर्मांतरण किया। ये विवाह पूरी तरह फर्जी था। इसलिए हमने 13 अगस्त 2024 को गाजियाबाद के थाना कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई। इस केस में गुरुवार को कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी डॉक्टर अब्दुर्रहमान को गिरफ्तार कर लिया।

# नोएडा में सगाई करने पर नर्स की हत्या

## युवक बोला-मैं उसे प्यार करता था, मना किया था कि दूसरे के साथ मत जाओ



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की थाना सूरजपुर पुलिस ने एक युवती की हत्या के मामले में सुंदर भाटी के बेटे अंकित भाटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी अंकित ने शादी न करने पर एक युवती को गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने हत्या को सड़क दुर्घटना दिखाते हुए शव को गाड़ी से भी कुचला था। पीएम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जिसके बाद पुलिस आरोपी तक पहुंची और उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकित भाटी निवासी ग्राम सुनपेड़ा, थाना ककौड़, बुलन्दशहर वर्तमान निवासी आंटी फार्म, कुलेसरा ग्रेटर नोएडा के रूप में हुई है। पुलिस जांच में पता चला है कि निधि रबूपुरा की रहने वाली थी। वह डेल्टा-2 स्थित द होप अस्पताल में नर्स का कार्य करती थी। अंकित और निधि एक-दूसरे से बात करते थे। लेकिन सगाई तय होने पर निधि ने उससे बात करना बंद कर दिया। जबकि अंकित पहले से ही शादीशुदा था। इस बीच से गुस्सा होकर आरोपी अंकित ने 7 जुलाई को डेल्टा गोल चक्कर पर निधि की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को सड़क हादसा दिखाने के लिए उसने शव को कई बार गाड़ी से कुचल दिया।

### पीएम रिपोर्ट और एक्सरे में हुआ खुलासा

थाना सूरजपुर प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया। साथ ही सिर का एक्सरे भी कराया गया। जिससे पता चला कि युवती की सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी, इसके बाद इसे सड़क हादसे का रूप देने की कोशिश की गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद मृतका की कॉल डिटेल खंगाली गई।

जिससे कई सुराग हाथ लगे। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से पुलिस आरोपी तक पहुंची और उसे गिरफ्तार करने में कामयाब रही। गौतम बुद्ध नगर53 मिनट पहलेनोएडा में पुलिस ने नर्स की हत्या का खुलासा कर दिया। युवक ने एक तरफा प्यार में मर्डर किया था। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने दूसरी जगह सगाई कर ली। ये बात मुझे पसंद नहीं आई। ये घटना ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र का है।7 जुलाई को मारी थी गोली7 जुलाई की रात डेल्टा सेक्टर-1 पास एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। युवती एक निजी अस्पताल में नर्सिंग का काम करके लौट रही थी। उसी दौरान प्रेमी ने सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद मृतका के भाई ने सूरजपुर थाने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा किया। जांच पड़ताल में जुट गई।

# हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर वसुंधरा में लगाया गया बुजुर्गों के लिए गैरिएटिक कैंप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय / हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर वसुंधरा में गुरुवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार राणा के मार्गदर्शन में गैरिएटिक कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूर्णिमा यादव ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। फार्मेसिस्ट सुनील कुमार ने दवाइयों का वितरण किया। साथ ही चिकित्सालय के स्टाफ का सहयोग रहा। कैंप में लगभग 60 से अधिक मरीजों की उपस्थिति रही।






# सड़क किनारे पड़ी मिली डेड बॉडी : हत्या कर फेंके जाने की आशंका

**हापुड़।** जिले में अज्ञात शव मिलने का सिलसिला जारी है।अब थाना बाबूगढ़ के कस्बे में सड़क किनारे करीब 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशंका है कि व्यक्ति की हत्या कर शव को यहां फेंका गया है, फिलहाल पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है।



### क्या है पूरा मामला

कुछ ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह बाबूगढ़ कस्बे के केवीएस स्कूल के पास पहुंचे तो देखा की सड़क किनारे 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा है, शव मिलने की सूचना आसपास के क्षेत्र में फैल गई। शव को देखने के लिए ग्रामीणों का तांता लग गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन, कामयाबी नहीं मिल सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस का बयान

इस सबंध में थाना प्रभारी विजय गुप्ता का कहना है कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। व्यक्ति के पर चोट के निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में उसकी फोटो भेज दी गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# 'स्वतंत्रता साहित्य रत्न सम्मान 2024' से नवाजे गए नागेन्द्र त्रिपाठी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** त्योहारों के मौके पर साहित्य की दुनिया में प्रख्यात वैदिक प्रकाशन समूह कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इसमें मित्रता दिवस, स्वतंत्रता दिवस, तीज एवं रक्षाबंधन आदि विषयों पर काव्य गोष्ठियां एवं साहित्यिक परिचर्चाएं आयोजित की जाती रही हैं।



इसी कड़ी में प्रसिद्ध प्रकाशन समूह वैदिक प्रकाशन ने भी काव्य गोष्ठी आयोजित की जिसमें देश के विभिन्न भागों से साठ रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। 15 अगस्त, तिरंगा व रक्षाबंधन पर लाजवाब प्रस्तुति देने के लिए गाजियाबाद के प्रख्यात लेखक, स्तंभकार एवं कवि नागेन्द्र त्रिपाठी को 'स्वतंत्रता साहित्य रत्न सम्मान 2024' से नवाजा गया। उक्त सम्मान संस्था की संस्थापक प्रशस्ति सचदेव एवं गोष्ठी अध्यक्ष नीतू कुमारी ने प्रदान किया। ज्ञातव्य है कि नागेंद्र त्रिपाठी की कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं एवं कई बार उन्हें विभिन्न मंचों पर पुरस्कृत किया जा चुका है। नागेन्द्र त्रिपाठी को सम्मान मिलने पर विभिन्न साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने बधाइयां दीं।

## ट्रक लूट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास तीन दिन पहले चालक को बंधक बनाकर सामान से भरा ट्रक लूट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटा गया सामान व दो ट्रक बरामद किए है। पकडे गए बदमाश रेकी करके एक्सप्रेस वे पर सुनसान स्थान पर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने बताया कि गत 19 जुलाई की रात गाजियाबाद से विलासपुर जा रहे ट्रक चालक को बंधक बनाकर ट्रक लूट लिया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिए स्वाट टीम को लगाया गया। उन्होने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली कि ट्रक लूट करने वाले बदमाश किसी अन्य वारदात करने के इरादे से घूम रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक फरार हो गया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम इनाम, शकील निवासी गांव बदरखा थाना छपरौली जिला बागपत व ताज मोहम्मद उर्फ ताजू निवासी गांव जोहड़ी थाना बलौनी जिला बागपत बताया है। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि 19 जुलाई की रात को हम ट्रक लेकर एक्सप्रेस वे पर लूट करने के लिए घूम रहे थे। जब गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास पहुंचे तो कंटेनर ट्रक खड़ा हुआ था।




## क्या जोन में चल रही है एक कोतवाल की मर्जी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बुधवार को सिटी जोन में बंद को लेकर धरना- प्रदर्शन और भारत बंद के तहत कई कार्यक्रम थे। जोन के आलाधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों और एसीपी स्तर के अधिकारियों को कलेक्ट्रेट और अन्य जिम्मेदारियां में लगा रखा था। इन सबके बीच एक जानकारी निकाल कर आई है कि क्या पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक कोतवाल की मनमर्जी चल रही है। कहने वाले कह रहे हैं कि मामला कितना भी बड़ा क्यों ना हो वो अपनी मर्जी से ही आते हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट में जहां पूरे सिटी जोन के थाना प्रभारी अपने थाने की फोर्स के साथ मुस्तैद थे तो वहीं एक कोतवाल ऐसा भी था जो सर्किल वाला इलाका होने के बावजूद भी पूरे धरना स्थल और बंद वाले आयोजन के दौरान नजर नहीं आया। अब उसकी यहां तैनाती क्यों नहीं दी गई या इसके पीछे की वजह कुछ और है यह तो विभाग वाले बताएं लेकिन थाना प्रभारियों और अधिकारियों के बीच एक थाना प्रभारी की ड्यूटी पर मुस्तैद ना होना चर्चा का विषय रहा। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बताते है कि पहले भी यह कोतवाल अपनी मनमर्जी चला चुका है। इलाके के अधिकारी और जोन वाले इसको सीरियस नहीं ले रहे हैं लेकिन यह बड़ा मुद्दा बन सकता है। उधर सुनने में आया है कि एक इलाके में दो पक्षों में झगड़ा हुआ था, सुनने में आया मौके पर इलाके वाले कोतवाल पहुंचे तो शांत हुआ मामला भड़क गया था। बताया जा रहा है कि कोतवाल के बोल ही कुछ ऐसे थे। वहीं इससे पहले भी कई ऐसे मामले यहां पर आ चुके हैं, जिसमें कोतवाल की भूमिका को लेकर सवाल भी उठे थे। वहीं कई पुलिस अधिकारियों के लिए सरदर्द बनी है। सुनने में आया है कि कोतवाल अपना भौकाल और साम्राज्य स्टाफ के साथ साझा करता रहता है। अब ऐसी क्या वजह रही कि इतने संवेदनशील मामले और ड्यूटी पर कोतवाल जो की सर्किल से जुड़े थे नजर नहीं आए। उधर थाने वाले सूत्र बताते हैं कि कोतवाल की ड्यूटी थाने के रूम से ज्यादा ऊपर आवास पर रहती है। वहीं सुनने में आ रहा है कि कोतवाल पूर्व खास कार्यालय का भौकाल अभी दिखा रहे हैं, वह उसे बाहर नहीं आ पा रहा है। यही वजह है कि इलाके में चोरी और लूटपाट की वारदातों में इजाफा हो रहा है। देखना होगा कि सिटी वाले साहब कब ऐसे लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कोई एक्शन लेने का प्लान बनाते हैं।



# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दीक्षारंभ 2024 के साथ विधि के नए छात्रों का किया गया स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी मे सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम दीक्षारंभ 2024 के साथ नए छात्रों का स्वागत किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) आलोक शर्मा (दिल्ली विश्वविद्यालय) ने छात्रों को विधि के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार ने नए छात्रों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी दी। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव, सुंदरदीप कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) उर्मिला जाटव ने छात्र-छात्राओं को विधि अध्ययन का ज्ञान बांटा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कि डीन डॉ. विभा सिंह, डायरेक्टर डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, डॉ. अंजलि क्वातरा, डॉ. उर्वशी चौधरी और अन्य सभी डायरेक्टर एवं सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ के मौ. इमरानए शिप्रा, सीमा चौधरी, आकाश सैनी, वर्तिका और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।





## अगस्त के बाद पाइपलाइन पर नहीं डालने दिया जाएगा कूड़ा

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में गाजियाबाद शहर का कूड़ा पाइपलाइन डालने के विरोध में 16 गांवों के ग्रामीणों का आंदोलन तेज होता जा रहा है। गुरुवार को ग्रामीणों के ग्यारह सदस्य प्रतिनिधिमंड़ल ने सांसद अतुल गर्ग व मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजीतपाल त्यागी को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कूडे.की समस्या से निजात नहीं मिली तो बडे स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष सलेक भईया ने बताया कि गत 28 अगस्त को जिलाधिकारी के नेतृत्व में एक त्रिपक्षीय वार्ता होगी। वार्ता में यदि कूडे.की समस्या से निजात नहीं मिला तो ग्रामीण कूडे. के वाहनों को रोक देगे। उन्होने बताया कि अब 28 अगस्त के बाद किसी भी कीमत पर कूड़ा नहीं डालने दिया जाएगा। सांसद अतुल गर्ग व विधायक अजीतपाल त्यागी ने ग्रामीणों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वान दिया है। इस मौके पर पूर्व प्रमुख आजाद चौधरी, कृष्णदेव आर्य प्रधान, सलेक भईया, रणवीर चौधरी, बूटन त्यागी, प्रवीण मुखिया, दक्ष नागर, बृजपाल सिंह, निमेष, सीताराम, बीसी बंसल, , तरुण कसाना, मिन्टू प्रधान, राहुल फौजी, सुनिल प्रधान, टीटू चेयरमैन, मुकेश त्यागी भट्टे वाले, सुबोध त्यागी प्रधान, आर्य राजेन्द्र त्यागी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## ज्ञापन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रील कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के आह्वान पर 22 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट कर्मचारी गुरुवार को सामूहिक अवकाश पर रहे। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगो को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा।

## 48 लाख रुपए ठगने के मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव कन्नौजा में कृषि भूमि दिलाने के नाम पर गाजियाबाद के सदरपुर निवासी एक व्यक्ति से 48 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। बैनामा की बात कहने पर पीड़ित के साथ मारपीट भी की गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गाजियाबाद के सदरपुर निवासी सचिन कुमार ने बताया कि काफी समय पहले गांव कन्नौजा निवासी रामकिशन से कृषि भूमि का सौंदा 49 लाख रुपए में किया था। गत 19 जनवरी को गाजियाबाद तहसील सदर में एग्रीमेंट किया और 48 लाख रुपए नकद दे दिए और छह माह में बैनामा करने पर बाकी रकम देने की बात तय हुई। सचिन ने बताया कि इसी बीच पता चला कि जमीन का एग्रीमेंट किसी अन्य को कर रखा है। आरोप है कि दस जुलाई को गांव कन्नौजा में मुझे बुलाया गया और वहां पर उनका पूरा परिवार मौजूद था। सभी ने मिलकर मेरे साथ जमकर मारपीट की और लोहे की राड से वार कर सिर फोड़ दिया।

# वर्षा ऋतु के चलते किया गया साफ-सफाई का कार्य









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए प्राधिकरण ने संरक्षित आवासीय योजनाओं से होकर गुजरने वाली सड़कों की साइड पटरियों एवं सेंट्रल वर्ज पर उग आई झाड़ियों एवं सड़क पर यातायात को बाधित करने वाले पेड़ की डालियों की ट्रीमिंग की। निर्देशों के क्रम में गुरुवार को प्राधिकरण के उद्यान विभाग द्वारा राजनगर एक्सटेंशन से होकर जाने वाली एलिवेटिड रोड को जोड़ने वाली सड़क के सेंट्रल वर्ज एवं साइड पटरियों पर अनावश्यक रूप से उग आई झाड़ियों एवं पेडों की डालियों की साफ-सफाई एवं ट्रीमिंग का कार्य किया गया। कूड़ा उठाने की त्वरित कार्यवाही प्रभारी मुख्य अभियन्ता की उपस्थिति में की गई। निर्देश दिये गये कि इस प्रकार प्राधिकरण द्वारा संरक्षित अन्य सभी कालोनियों की सड़कों की हरित पट्टियों, सैंट्रल वर्ज एवं पार्कों का नियमित रूप से साफ-सफाई एवं ट्रीमिंग आदि की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## संतोष डेंटल कॉलेज के प्रांगण में निःशुल्क डेंचर वितरण कार्यशाला का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष डेंटल कॉलेज के प्रांगण में बुधवार को निःशुल्क डेंचर वितरण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन प्रोस्थोडॉन्टिक्स और क्राउन एवं ब्रिज विभाग द्वारा किया गया, जिसमें आंशिक और पूर्ण रूप से दंतविहीन लगभग 70 मरीजों को डेंचर वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के अध्यक्ष डॉक्टर अक्षय भार्गव ने की। विभाग अध्यक्ष डॉक्टर राजीव कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। कार्यशाला में विभाग के अन्य वरिष्ठ डॉक्टर फैकल्टी सदस्य और स्नातकोत्तर विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। मरीजों को निःशुल्क डेंचर बॉक्स और खाद्य पैकेट भी वितरित किए। सीएसआर हेड स्वेता चौधरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक और सहायक सिद्ध होते हैं।

# पोलैंड में बोले पीएम मोदी- हमारे संबंध बेहतर हो रहे हैं यूक्रेन संघर्ष के दौरान मदद के लिए जताया आभार



### 45 साल बाद पोलैंड पहुंचा कोई भारतीय पीएम

## देश के रेस्तरां में भारतीय व्यंजनों की है भारी मांग



**वारसॉ।** पोलैंड में भारतीय व्यंजन काफी लोकप्रिय हैं और तमाम भारतीय रेस्तरां स्वादिष्ट व्यंजनों की बढ़ती मांग को पूरा कर रहे हैं। वहीं, भारतीय रेस्तरां में खाना खाने आने वाले पोलैंडवासियों का कहना है कि डोसा और बटर चिकन जैसे व्यंजन उन्हें भारत यात्रा की याद दिलाते हैं। बता दें कि पोलैंडवासी भारतीय संस्कृति को काफी पसंद करते हैं और आजकल भारतीय फिल्में भी पोलैंड में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

पोलैंड में स्थित भारतीय दूतावास की सूची के अनुसार, पोलैंड में 45 से अधिक भारतीय रेस्तरां कई प्रकार के पारंपरिक भारतीय भोजन परोस रहे हैं जिनमें से राजधानी वारसॉ में कम से कम 12 रेस्तरां हैं।

भारत और भारतीय भोजन एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं। भारतीय रेस्तरां के मालिकों के अनुसार, पोलिश लोग न केवल भारतीय व्यंजनों को पंसद कर रहे हैं बल्कि वे भारत की समृद्ध संस्कृति के प्रति भी आकर्षित हो रहे हैं।

### भारतीय रेस्तरां में बढ़ी इन व्यंजनों की डिमांड

पोलैंड नागरिक अन्ना मारिया रोजेक ने कहा, मुझे डोसा बहुत पसंद है। वारसॉ में सबसे अच्छा डोसा इंडिया गेट रेस्तरां में मिलता है और यह वास्तव में दक्षिण भारत की याद दिलाता है। मैंने कई बार चेन्नई और केरल की यात्रा की है और सच में यहां के खाने का स्वाद भी वैसा ही है।

### 'बटर चिकन, मैंगो लस्सी जीत रहे दिल'

'इंडिया गेट फूड चेन' के मालिक चंदू ने कहा, 'यहां का खाना वाकई बहुत स्वादिष्ट है, भारतीय खाना जिसमें बहुत सारे मसाले होते हैं। हर चीज का जायका अलग होता है। पोलैंड नागरिकों को बटर चिकन, मैंगो लस्सी बहुत पसंद है। उन्हें भारतीय खाना और भारतीय लोग भी बहुत पसंद हैं।'

### वारसॉ के अलावा कई अन्य शहरों में है लोकप्रियता

भारतीय रेस्तरां न केवल राजधानी वारसॉ में बल्कि क्राको और व्रोकला जैसे शहरों में भी लोकप्रिय हैं। यहां आने वाले खाने के शौकीन लोगों को कई भारतीय व्यंजनों का जायका और स्वाद मिलता है।

---

**वारसॉ।** पीएम मोदी ने अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ साझा प्रेस वार्ता को संबोधित किया। वहीं पोलैंड के पीएम के संबोधन पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी कहा- मैं प्रधानमंत्री टस्क के इस सुंदर शहर वारसॉ में उनके शब्दों और गर्मजोशी से भरे स्वागत के लिए उनका बहुत आभारी हूं। भारत-पोलैंड मैत्री को मजबूत करने के लिए आपके अमूल्य प्रयास वास्तव में सराहनीय हैं। मैं आपके योगदान के लिए तहे दिल से आपका धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री ने डोनाल्ड टस्क से कहा आप लंबे समय से भारत के अच्छे मित्र रहे हैं। भारत और पोलैंड की मित्रता को मजबूत करने में आपका बहुत बड़ा योगदान है।

**आज का दिन दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण- टस्क :** वहीं इससे पहले वारसॉ में पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने साझा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा, आज का दिन हमारे दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है कि हम अपने देशों के बीच रणनीतिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री की मेजबानी कर रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। निस्संदेह यह इस बात का प्रमाण है कि हमारे दोनों देशों के बीच संबंध बेहतर होते जा रहे हैं। यह पूरे क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

पीएम ने कहा यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष हम सभी के लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत का ये दृढ़ विश्वास है कि किसी भी समस्या का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता।




### यूक्रेन संकट में पोलैंड ने दिखाई उदारता- पीएम

पीएम ने अपने संबोधन में कहा आज 45 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने पोलैंड का दौरा किया है। मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही मुझे ये सौभाग्य मिला है। इस अवसर पर मैं पोलैंड की सरकार और यहां के लोगों का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। 2022 में यूक्रेन संकट के दौरान फंसे हुए भारतीय छात्रों को निकालने के लिए आपने जो उदारता दिखाई, उसे हम भारतवासी कभी नहीं भूल सकते हैं।

### 'हम मना रहे राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ'

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा आज का दिन भारत और पोलैंड के संबंधों में विशेष महत्व रखता है। इस वर्ष हम अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर हमने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है।

## पीएम मोदी ने की प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क से मुलाकात





**वारसॉ।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वारसॉ में पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

वार्ता से पहले चांसलरी में मोदी का रेड कारपेट स्वागत किया गया। वह पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज सैबेस्टियन डूडा के साथ भी बातचीत करेंगे। बता दें कि यह 45 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है। वॉरसा पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने बच्चों से उत्साह के साथ मुलाकात की। बच्चों ने गुलदस्ता देकर पीएम मोदी का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री मोदी अपनी दो देशों की यात्रा के पहले चरण में बुधवार को पोलैंड पहुंचे। पीएम मोदी ने वारसॉ में गुड महाराजा मेमोरियल में श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की गई।

इसके बाद पीएम मोदी पोलैंड के पीएम के निमंत्रण पर दोपहर के भोजन में शामिल होंगे। राष्ट्रपति आंद्रेज सैबेस्टियन डूडा से मुलाकात करेंगे। साथ ही पोलैंड के व्यापारिक नेताओं और प्रबुद्ध लोगों से मिलेंगे।

**एस जयशंकर ने यूक्रेन संघर्ष को लेकर की बात :** पीएम मोदी के साथ पोलैंड दौरे पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को पोलैंड के विदेश मंत्री रैडोस्लाव सिकोरस्की से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन संघर्ष और भारत प्रशांत की स्थिति और द्विपक्षीय सहयोग को लेकर चर्चा की। जयशंकर एस ने एक्स पर पोस्ट किया कि पोलैंड के विदेश मंत्री के साथ हुई मुलाकात में यूक्रेन संघर्ष और अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा पोलैंड के साथ द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देगी।

पीएम मोदी अपनी यात्रा के दौरान यूक्रेन भी जाएंगे। पीएम मोदी अभी पोलैंड की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इसके बाद 23 अगस्त को पीएम मोदी युद्ध में झुलस रहे यूक्रेन का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री पोलैंड से कीव तक ट्रेन से यात्रा करेंगे, जिसमें करीब 10 घंटे लगेंगे। वापसी की यात्रा भी लगभग इतनी ही अवधि की होगी।

उनकी कीव यात्रा मॉस्को की उनकी हाई-प्रोफाइल यात्रा के कुछ सप्ताह बाद हो रही है, जिसकी अमेरिका और उसके कुछ पश्चिमी सहयोगियों ने आलोचना की थी।

## पोलैंड में पीएम मोदी



## पीएम मोदी ने पोलैंड में शांति का संदेश दिया कहा- भारत बुद्ध की विरासत वाली धरती

**वारसॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंच चुके हैं। पोलैंड में पीएम मोदी के आगमन को लेकर भारतीय प्रवासियों में खासा उत्साह है। बता दें कि यह 45 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है। वहीं भारतवंशियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी पोलैंड के अलग-अलग हिस्सों से आए हैं। सबकी अलग-अलग भाषाएं हैं, बोलियां हैं, खान-पान है, लेकिन आप सभी भारतीयता के भाव से जुड़े हुए हैं। आपने यहां इतना शानदार स्वागत किया है, मैं आप सभी का, पोलैंड की जनता का इस स्वागत के लिए बहुत आभारी हूं। पीएम मोदी ने शांति का दो-टूक संदेश दिया और कहा कि भारत, बुद्ध की विरासत वाली धरती है। हम युद्ध नहीं शांति पर भरोसा करते हैं। भारत इस क्षेत्र में स्थायी शांति का पैरोकार है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि वर्तमान युग युद्ध का नहीं है।

### भारत के लोगों का लोकतंत्र पर अटूट भरोसा

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि भारत लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने वाला जीवंत लोकतंत्र भी है। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों का लोकतंत्र पर अटूट भरोसा है। ये भरोसा हमने हाल के चुनावों में भी देखा है। ये इतिहास का सबसे बड़ा चुनाव था। उन्होंने कहा, 'मैंने देश की जनता को वादा किया है, मेरे तीसरे टर्म में भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा।'

**इस दशक के अंत तक आठ ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन सकता है भारत :** भारत के आर्थिक विकास और मजबूत संरचनात्मक विकास का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, नैस्कॉम का अनुमान है कि भारत अपने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण इस दशक के अंत तक आठ ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा।

### आज का भारत सबके साथ है- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि दशकों तक, भारत की नीति थी कि सारे देशों से समान दूरी बनाए रखो, जबकि आज के भारत की नीति है, सारे देशों से नजदीकी बनाओ। आज का भारत सबसे जुड़ना चाहता है, आज का भारत सबके विकास की बात करता है, आज का भारत सबके साथ है, सबके हित की सोचता है। हमें गर्व है कि आज दुनिया, भारत को विश्व बंधु के रूप में सम्मान दे रही है।



**जामनगर के महाराजा का किया जिक्र :** पीएम मोदी ने कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, जब पोलैंड मुश्किलों से घिरा हुआ था, जब पोलैंड की हजारों महिलाएं और बच्चे शरण के लिए जगह-जगह भटक रहे थे, तक जामनगर के महाराजा दिग्विजय सिंह रणजीत सिंह जाडेजा आगे आए। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के लिए एक विशेष कैंप बनवाया। बकौल पीएम मोदी, जामनगर के तत्कालीन महाराज ने कैंप की महिलाओं और बच्चों से कहा था कि जैसे जामनगर के लोग मुझे बापू कहते हैं, वैसे मैं आपका भी बापू हूं।

**भारतीय सैनिकों के बलिदान को याद किया :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज ही मुझे मोंटे कसीनो मेमोरियल पर श्रद्धांजलि देने का अवसर मिला है। ये मेमोरियल हजारों भारतीय सैनिकों के बलिदान को याद दिलाता है। इस बात का प्रमाण है कि कैसे विश्व के हर कोने में भारतीयों ने अपना कर्तव्य निभाया है।

**पीएम ने पोलिश-भारतीय विरासत को अर्पित की श्रद्धांजलि :** भारतवंशियों को संबोधित करने से पहले पीएम मोदी ने वारसॉ में वलीवडे-कोल्हापुर शिविर के स्मारक पर पोलिश-भारतीय विरासत को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

पीएम मोदी ने मोंटे कैसीनो युद्ध स्मारक के पास वलीवडे-कोल्हापुर शिविर के स्मारक पट्टिका पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसका उद्घाटन नवंबर 2017 में किया गया था।

## पीएम मोदी के दौरे से भारतीय प्रवासियों में उत्साह, कहा- हमारे लिए गौरव का पल





**वारसॉ।** पीएम मोदी के दौरे को लेकर पोलैंड में रह रहे भारतीय प्रवासियों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। जानिए पीएम मोदी के दौरे को लेकर क्या कह रहे हैं पोलैंड में रह रहे भारतीय समुदाय के लोग।

भारतीय प्रवासी समूह के सदस्य हिरेन कहते हैं, हमेशा की तरह प्रधानमंत्री जबरदस्त थे... उन्होंने जो भी कहा, वह लोगों तक पहुंच गया। लोग बहुत उत्साहित थे,हम यहां आकर खुद को भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। प्रवासी भारतीयों के सदस्य आकाशदीप कहते हैं, "हमें (पीएम मोदी का भाषण) अच्छा लगा।

हम यहां सुबह से ही उनका इंतजार कर रहे थे...वह बहुत ऊजार्वान थे...जैसे ही उन्होंने भाषण दिया, पूरा हॉल ऊर्जा से भर गया।" एक अन्य प्रवासी ने कहा, ह्यहम आभारी हैं कि प्रधानमंत्री यहां आए और हमें उनसे मिलने का मौका मिला। यह हमारे लिए गर्व का क्षण था।

पोलैंड में रह रहीं भारतीय मूल की भरतनाट्यम नृत्यांगना अर्पिता बनर्जी कहती हैं, ₹इस बड़े आयोजन में प्रस्तुति देना बहुत सम्मान की बात है। पोलैंड में भारतीय दूतावास ने हमें एक महान अवसर दिया। यह पीएम मोदी के सामने प्रदर्शन करने का एक बड़ा मौके था।₹

## इमरान खान की पार्टी ने स्थगित की रैली, हिंसा की थी आशंका

**इस्लामाबाद।** इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ ने गुरुवार को आयोजित की जाने वाली अपनी रैली को स्थगित कर दी है। पीटीआई ने बयान जारी कर कहा है कि अब वे अपने नेता इमरान खान की सलाह पर अगले महीने इस रैली का आयोजन करेंगे। पाकिस्तान सरकार ने पहले इस रैली को मंजूरी दे दी थी, लेकिन आखिरी वक्त पर ये मंजूरी वापस ले ली थी। पीटीआई के नेता आजम स्वाती ने रावलपिंडी की अडियाला जेल के बाहर मीडिया से बात करते हुए यह जानकारी दी। बता दें कि इमरान खान अडियाला जेल में ही बंद हैं। पीटीआई नेता ने कहा कि अब 8 सितंबर को रैली आयोजित की जा सकती है। स्वाती ने ये भी कहा कि इमरान खान ने रैली के लिए इस्लामाबाद पहुंच रहे पार्टी समर्थकों को वापस जाने की अपील की है।



**सरकार ने आखिरी वक्त पर वापस ली रैली की मंजूरी**

गुरुवार को होने वाली रैली को लेकर इस्लामाबाद में तनावपूर्ण हालात थे। दरअसल सरकार की मनाही के बावजूद पीटीआई रैली करने पर अड़ी थी। शुरूआत में शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान सरकार ने इस रैली की मंजूरी दे दी थी। हालांकि आखिरी वक्त पर यह मंजूरी वापस ले ली गई। इस्लामाबाद के मुख्य आयुक्त मोहम्मद अली रंधावा ने बुधवार को एक आदेश जारी कर कहा कि रैली आयोजित करने के लिए जारी की गई एनओसी तत्काल निलंबित की जाती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए रैली की इजाजत देना असुरक्षित हो सकता है।

## हिजबुल्ला ने इस्राइली क्षेत्र गोलन हाइट्स पर दागे 50 से अधिक रॉकेट

**यरुशलम।** अमेरिका की तरफ से पश्चिम एशिया में युद्धविराम के लिए किए जा रहे प्रसायों के बावजूद इस्राइल व उसके विरोधियों के बीच वार-पलटवार बढ़ता ही जा रहा है। ईरान समर्थित हिजबुल्ला ने बुधवार को इस्राइल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स पर 50 से अधिक रॉकेट दागे।

इससे पहले इस्राइल ने लेबनान स्थित आतंकी संगठन के हथियार भंडार को नष्ट कर दिया। इस्राइल व हिजबुल्ला के बीच वार-पलटवार की एक नई शृंखला ऐसे समय में शुरू हुई है, जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन युद्धविराम वार्ता को मूर्त रूप देने के लिए पश्चिम एशिया के दौरे पर हैं। उन्होंने बुधवार को मिस्र व कतर के नेताओं से मुलाकात की।



### गाजा युद्धविराम वार्ता के लिए कतर प्रतिबद्ध : विदेश मंत्री

इस बीच कतर के विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने अपने अमेरिकी अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन के सामने गाजा युद्धविराम वार्ता के प्रति अपने देश की प्रतिबद्धता दोहराई।

गाजा युद्धविराम वार्ता में अमेरिका के साथ ही कतर मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है।

**हमास से अमेरिका ने की अपील :** एंटनी ब्लिंकन ने आगे कहा कि अब हमारा प्रयास है कि हमास को इसके लिए तैयार किया जाए। कतर से रवाना होने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने संवाददाताओं से कहा, हमारा संदेश सरल है।

यह स्पष्ट है और यह जरूरी है। हमें युद्ध विराम और बंधक समझौते को अंतिम रूप देने की जरूरत है और हमें इसे अभी करना होगा। समय की कमी नहीं है।




# जिला महिला अस्पताल गाजियाबाद का मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे. ने किया औचक निरीक्षण

## योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों का भुगतान समय से किया जाएः सेल्वा कुमारी जे.

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला महिला अस्पताल गाजियाबाद का मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे. ने किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने एनआरसी का निरीक्षण, मरीजों से पूछताछ और लाभार्थियों को दिये जाने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी ली।





### योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को समय से लाभ ना मिलने पर जताई नाराजगी

मंडलायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के तहत बच्चों को अस्पताल द्वारा दिये जाने वाले लाभों सहित अन्य अकाउंट के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिसमें उन्होंने पाया कि समय से पात्र लाभार्थियों का भुगतान नहीं हुआ, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने महिला अस्पताल की सीएमएस को निर्देशित किया कि योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों का भुगतान समय से किया जाना सुनिश्चित किया जाएं। जल्द से जल्द पूर्ण भुगतान करते हुए उसकी शत-प्रतिशत रिपोर्ट कार्यालय पर भेंजे। उन्होंने सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन को निर्देशित किया कि किसी भी स्वास्थ्य विभाग के किसी भी अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारी के द्वारा किसी भी कार्य में लापरवाही या असंवेदनशीलता बरती जाती है तो उसके खिलाफ त्वरित कार्यवाही करते हुए नोटिस दिया जाए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन, एडीएम एफआर सौरभ भट्ट, सीएमएस डॉ.अलका शर्मा सहित अन्य अधिकारी/ चिकित्सक/ कर्मचारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### कमरों में साफ-सफाई व शुद्ध वातावरण का विशेष ध्यान रखा जाए : मंडलायुक्त

निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड में साफ-सफाई, सैम बच्चों को दिये जाने वाले बिस्तर-चादर सहित अन्य की शुद्धता, खान-पान सहित साफ व शुद्ध वातावरण की जांच की, जिससे मंडलायुक्त असंतुष्ट दिखाई दीं। उन्होंने कहा कि कमरों में साफ-सफाई व शुद्ध वातावरण का विशेष ध्यान रखा जाए। सैम बच्चों को समयानुसार पौष्टिक आहार दिया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि सैम-मैम बच्चों के खान-पान, मनोरंजन सहित अन्य चीजों का विशेष ध्यान रखा जाएं। इस दौरान उनके अभिभावकों को भी बच्चों के खान-पान के बारे में जानकारी देनी चाहिए, जिससे वे यह जानकारी अपने आस-पड़ोस में रहने वालों, जानकारों, रिश्तेदारों के साथ साझा कर सकें। जब अभिभावकों को जानकारी होगी तब कोई भी सैम-मैम श्रेणी में नहीं आयेगा। देखभाल करने के साथ-साथ एक अच्छी सलाहकार भी बनें।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर के प्रयासों से पीड़ित परिवार को मिली सरकारी मदद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नन्दकिशोर गुर्जर के अथक प्रयासों से पीड़ित परिवार को जीवनयापन के लिए मिली सरकारी मदद। मदद की राशि विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने अपने हाथों से पीड़ित को सौंपी।

बेहटा हाजीपुर तहसील लोनी जिला. गाजियाबाद में 12 जून, 2024 को शॉर्ट सर्किट से मकान में आग लगने के कारण अर्श ना.बा. आयु 9 वर्ष पुत्र मो. सैफ संरक्षिका शकीला दादी नि. रटौल तहसील खेकडा जिला बागपत को इनके माता-पिता एवं बहन की जल कर मृत्यु होने एवं चिकित्सा उपचार के लिए दैवी आपदा राहत मद के अंतर्गत बारह लाख पांच हजार चार सौ रुपए की धन राशि बेनीफिशरी के माध्यम से प्रदान की गयी।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजनाओं की मासिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्थाओं उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम लि., उत्तर प्रदेश जल निगम (अर्बन), उ.प्र. राज्य सेतु निगम लि., उ.प्र. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि., उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद निर्माण इकाई, यूपी सिडको, सी. एंड डी.एस., लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड, उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. लखनऊ, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, एचएससीसी (इंडिया) लि., एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के संस्थावार परियोजनाओं का सारांश प्रस्तुत किया गया। जिसमें कुल योजनाओं, पूर्ण एवं अपूर्ण योजनाओं, लम्बित योजनाओं सहित अन्य जानकारी को विस्तार से प्रस्तुत किया गया।





### कार्य में लापरवाही बरतने वालों से लिया जाए स्पष्टीकरण: डीएम

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी ने प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट में पाया कि कुछ योजनाओं में कार्य से अधिक धनराशि दी जा चुकी है, वहीं बहुत-सी योजनाओं में कार्य विलंब से चल रहा है। कुछ योजनाओं के कार्य का समय पूर्ण होने वाला है परन्तु कार्य अभी तक अधूरा है, जिस पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि उक्त कार्यों के प्रति असंवेदनशीलता, कोताही, लापरवाही बरतने वालों को नोटिस भेजते हुए स्पष्टीकरण मांगा जाए। जिलाधिकारी ने आदेश दिए कि जिन संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं के लम्बित होना का कारण स्पष्ट नहीं किया जा रहा है एवं जिनके कार्य लम्बित हैं, उन सभी संस्थाओं के साथ आगामी दो दिनों में बैठक आयोजित की जाए। बैठक में मुख्य रूप से डीएसटीओ, डीआईओएस, डीबीडब्लूओ, डीपीओ प्रोबेशन, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, ईई यूपीसीडा, पीएम सीएण्डीसी, पीएम यूपीआरएनएनएलडब्लू, ईई यूपीएवीपी, पीएम सेतु निगम, ईई यूपीपीसीएल, ईई आरईडी, ईई जल निगम, डीसीएमओ सहित अन्य अधिकारी/इंजीनियर उपस्थित रहे।

# ताशकन्द में संपन्न हुआ समरकूल ग्रुप का अवॉर्ड फंक्शन

## लक्ष्मी ट्रेडर्स बनारस, हिन्दुस्तान इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक्स लालगंज एवं एसएम सेल्स झांसी रहे अव्वल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समरकूल ग्रुप के डिस्ट्रिब्यूटर्स का अवॉर्ड फंक्शन उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकन्द में गुरुवार को संपन्न हुआ। समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि यहां ताशकन्द में समरकूल ग्रुप के डिस्ट्रिब्यूटर्स का अवॉर्ड फंक्शन संपन्न कराया गया है। कंपनी की ओर से एक टूर के दौरान प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का अवॉर्ड फंक्शन संपन्न कराया जाता है। जिसके दौरान हम अपने डिस्ट्रिब्यूटर्स और डीलर्स के साथ मंच साझा करते हैं। कंपनी की आगामी योजनाओं के विषय में सभी साथियों का सुझाव लेते हुए, कंपनी की नयी और लाभकारी योजनाओं से सभी को अवगत कराते हैं। एक परिवार की भांति कुछ समय अपने साथियों के साथ बिताने से व्यापार करना सुगम हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हमारे सभी साथियों ने ना सिर्फ अपने 2024 के लक्ष्य को पूरा किया है बल्कि उम्मीद से अधिक लक्ष्य को प्राप्त करते हुए सेल्स में लक्ष्मी ट्रेडर्स बनारस, हिन्दुस्तान इलेक्ट्रिक एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स लालगंज तथा एसएम सेल्स ने सेल्स के नये रिकॉर्ड स्थापित किए हैं।



# पोस्टमॉर्टम हाउस में महिला के साथ जबरदस्ती

**नोएडा।** नोएडा में लाशों के बीच अश्लीलता का एक वीडियो सामने आया है। सेक्टर-94 में पोस्टमॉर्टम हाउस में रखे शवों के बीच एक युवक महिला के साथ अश्लील हरकत कर रहा है। अचानक पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो में दिख रहा कि महिला विरोध कर रही है, लेकिन युवक उससे जबरन अश्लीलता कर रहा है। आरोपी युवक पोस्टमॉर्टम हाउस का सफाई कर्मी बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि ऐसी




हैवानियत देखकर आशंका है कि यहां शव भी सुरक्षित नहीं होंगे। जब पोस्टमॉर्टम हाउस में ही ऐसे लोग हैं तो वे लाशों के साथ हैवानियत कर सबूत मिटा सकते हैं। दो मिनट 22 सेकेंड के वीडियो में दिख रहा कि एक व्यक्ति चाय की दुकान से कैमरा ऑन कर पोस्टमॉर्टम हाउस के अंदर पहुंचता है। डीप फ्रीजर वाले रूम में एक सफाई कर्मी, महिला के साथ मिलता है।

### पोस्टमॉर्टम हाउस में महिला कर्मचारी कार्यरत नहीं

पोस्टमॉर्टम हाउस में महिला कर्मचारी काम नहीं करती है। जाहिर है ये महिला बाहर से यहां आई थी। यहां रोजाना पांच से सात शवों के पोस्टमॉर्टम किए जाते है। इनमें हत्या, लूट, डकैती, रेप के बाद हत्या, आत्महत्या आदि करने वालों का शव होता है। अभी पोस्टमॉर्टम हाउस में दो शिफ्ट में दो गार्ड तैनात होते हैं।

# मंदिर की घंटी बजाने पर प्रदूषण का नोटिस

**नोएडा।** यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने मंदिर की घंटी बजाने को लेकर ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी को नोटिस भेजा। जांच में घंटी की आवाज मानकों से अधिक मिली। बोर्ड ने अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन से घंटी की आवाज कम करने को कहा। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के नोटिस के बाद अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन ने सोसाइटी के वॉट्सऐप ग्रुप और नोटिस बोर्ड पर एक सूचना जारी की। इसमें कहा गया कि लोग घंटी धीरे बजाएं और ज्यादा देर तक न बजाएं। मामला सामने आने के बाद सोसाइटी के लोग नाराज हो गए। उन्होंने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का जमकर विरोध किया। सोशल

### बोर्ड ने कहा-धीमे और कम देर तक बजाएं, विरोध पर आदेश वापस

मीडिया पर इसके विरोध में अभियान चलाया। मामले को तूल पकड़ता देख पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने बुधवार देर रात घंटी धीमी बजाने का आदेश वापस ले लिया। मामला ग्रेटर नोएडा के गौड़ सौंदर्यम सोसाइटी का है।

# डाक्टर के साथ हुई घटना के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुराचार व हत्या के विरोध में बृज विहार में व्यापारियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ बुद्ध बाजार चौक से लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। सभी ने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग कररहे थे। बुद्ध बाजार से कैंडल मार्च होता हुआ कई ब्लॉक में होता हुआ बुद्ध बाजार चौक पर समाप्त हुआ। भाजपा कार्यकरणी सदस्य बॉबी त्यागी ने कहा कि यह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, लेकिन एक समाज के तौर पर हम सब को विचार करना चाहिए कि हम कहां जा रहे हैं। साथ ही सरकार की मांग है कि जघन्य घटनाक्रम में शामिल आरोपितों को जल्द से जल्द सजा देकर पीड़िता को न्याय दिया जाए। इस मौके पर बॉबी त्यागी, इंद्रपाल, काशी, प्रवीण, नीरज, सत्य, मनोज, बंटी आदि मौजूद रहे।

# सीबीआई के हेड कांस्टेबल को वाहन चोरी में जेल भेजा

## गाजियाबाद में 12 साल से था वांटेड, क्रिमिनल रिकॉर्ड छिपाकर नौकरी पाने का भी आरोप

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वाहन चोरी के मामले में 12 साल से वांटेड चल रहे सीबीआई हेड कांस्टेबल साजिद ने गाजियाबाद कोर्ट में गुरुवार को सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने उसे 14 दिन न्यायिक हिरासत में लेने का आदेश देते हुए जेल भेज दिया। अधिवक्ता खालिद खान ने बताया- साल 2002 में थाना साहिबाबाद पुलिस ने एक व्यक्ति को चोरी की गाड़ी सहित पकड़ा। इसके बाद पुलिस ने साजिद नामक व्यक्ति के घर पसौंडा गांव में छापा मारा और वहां से कई बरामद किए। दोनों भाई उस वक्त जेल गए। कुछ ही दिनों में जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद साजिद ने आपराधिक इतिहास छिपाते हुए सशस्त्र सीमा बल में



नौकरी पा ली। इसके बाद वो डेप्युटेशन पर आ गया।

### चार जिलों में दर्ज हैं चार मुकदमे


अधिवक्ता ने बताया- साजिद पर चोरी के कुल चर मुकदमे दिल्ली, बागपत, मेरठ और गाजियाबाद में दर्ज हैं। मुकदमों में कोर्ट में पेश नहीं होने पर कई अदालतों ने उसके गैर जमानती वारंट जारी कर दिए। वो लगातार साल-2002 से ही गैरहाजिर चल रहा था।

पुलिस के पास साजिद के चार घरों के एड्रेस थे। पुलिस को भी नहीं पता था कि वो सीबीआई में नौकरी कर रहा है। इसलिए हर बाद साजिद के चारों घरों पर कोर्ट का वारंट जाता, लेकिन वो हाथ नहीं आता। इस तरह 12 साल बीत गए।

### सरेंडर करते ही कोर्ट ने जेल भेजा

अब कुछ दिनों पहले गाजियाबाद पुलिस को जानकारी हुई कि साजिद उइकमें बतौर हेड कांस्टेबल दिल्ली के आरकेपुरम में तैनात है। इसके बाद गाजियाबाद की एसीजेएम-5 अदालत ने साजिद का गैर जमानती वारंट जारी किया। साजिद ने गुरुवार को अदालत में पहुंचकर सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। अधिवक्ता खालिद खान ने बताया- इस पूरे मामले में अब सीबीआई और एसएसबी को भी लेटर भेजा जा रहा है कि साजिद ने किस तरह अपराधिक इतिहास छिपाकर नौकरी पा ली।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साध्वी डॉ गिरिजा नंदिनी इन दिनों तमिलनाडु में अध्यात्म योग यात्रा पर हैं। साध्वी डॉ गिरिजा नंदिनी ने अपनी योग अध्यात्म यात्रा के स्पेशल पलों को साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।